हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 13 अंक : 08 देहरादून, सोमवार, 24 जून, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



व्यय प्रेक्षक ने ली चुनाव खर्च का ब्यौरा रखने वाले अधिकारियों की बैठक 3

# सबसे पहले यूसीसी लागू करने पर सीएम धामी को श्यामा प्रसाद मुखर्जी सम्मान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुंबई, 24, जून डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति सम्मान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दादर, वेस्ट मुंबई में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस एवं उत्तराखण्ड में सर्वप्रथम यू.सी.सी. लागू किए जाने के उपलक्ष्य में आयोजित 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सम्मान समारोह' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति सम्मान से भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने अपना पूरा जीवन भारत की एकता, अखंडता को समर्पित किया है। वह एक अच्छे विचारक थे। उन्होंने भारतीय जन संघ के रूप में जो बीज बोया वह आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने है। उन्होंने कहा कि आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के सपनों को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरा होते सभी देशवासी देख रहे हैं। आज देश में समान नागरिक अधिकार पर कार्य हो रहा है, देश की आज़ादी के बाद अब जाकर





कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर दिया गया हैं। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड सरकार ने भी डॉ. मुखर्जी जी के सपनों को साकार करते हुए संविधान के अनुसार समान नागरिक संहिता विधेयक पारित कर महामहिम राष्ट्रपति की मंजूरी ले ली है। देश में उत्तराखण्ड राज्य सबसे पहले समान नागरिक संहिता लागू करने वाला राज्य बन गया है।

**यूसीसी में सबका साथ सबका विकास और विश्वास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता किसी से पक्षपात करने के लिए नहीं अपितु आदरणीय प्रधानमंत्री का सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास को धरातल में उतारने के लिए लाए हैं।

उन्होंने कहा यूसीसी से महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों, आम नागरिकों को उनका अधिकार मिलेगा। इस अवसर पर मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार, लोकसभा सांसद प्रताप चंद सारंगी, पद्मश्री मनोज जोशी, राज्य दर्जा मंत्री विनय रोहेला, अमर जीत मिश्र, भाजपा नेता दीनानाथ तिवारी, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# उत्तराखंड में भारी बारिश का ऑरेंज-यलो अलर्ट, नैनीताल के लिए खास चेतावनी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। उत्तराखंड में बीते दिनों हुई प्री-मॉनसून बारिश से मौसम बदल गया है। उम्मीद है कि उत्तराखंड में भी मानसून जल्द दस्तक देगा। इस बीच मौसम विभाग ने उत्तराखंड में अगले सात दिन तक बारिश वाला मौसम रहने का पूर्वानुमान जताया है। अगले सात दिनों के दौरान उत्तरखंड के विभिन्न हिस्सों में व्यापक रूप से झमाझम बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी के मुताबिक, उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में 25 से 27 जून के दौरान भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है। वहीं मौसम विभाग की ओर से नैनीताल जिले में 24 से 29 जून के दौरान आंधी-तूफान के साथ जोरदार बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग की इस चेतावनी को देखते हुए नैनीताल जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। खासतौर पर अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि मौसम विभाग ने 24 से 26 जून और उसके बाद 29 जून तक मौसम को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। IMD की ओर से जारी चेतावनी को देखते हुए



जिले में अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस दौरान सभी अधिकारियों और कर्मचारियों उनके अपने-अपने मुख्यालय पर बने रहने को कहा गया है। अधिकारियों और कर्मचारियों यह भी निर्देश हैं कि वे इस अवधि के दौरान अपने मोबाइल फोन को 24 घंटे खुला रखें। अधिकारी ने यह भी बताया कि भारी बारिश की स्थिति में सभी तहसीलों से हर घंटा की ताजा रिपोर्ट डिसट्रिक्ट इमरजेंसी सेंटर को मुहैया कराने को कहा गया है। संवेदनशील रास्तों और सड़कों पर जेसीबी मशीनों को तैयार रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। लोगों से खराब मौसम के दौरान बाहर निकलने से परहेज करने की सलाह दी गई है। खासतौर पर किसानों से बारिश और वज्रपात के दौरान खेती बाड़ी के काम में एहतियात बरतने की अपील की गई है।

# 15 जुलाई से शुरू होगी गढ़वाल विवि में प्रवेश प्रक्रिया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर। गढ़वाल विवि में नए शैक्षणिक सत्र को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी है। इस बार गढ़वाल विवि के तीनों परिसरों सहित विवि से सम्बद्ध सरकारी गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानो महाविद्यालयो में 15 जुलाई से एडमिशन की प्रकिया शुरू हो जाएगी। विवि इस बार 25 जुलाई से अपने वर्ष 2024 -25 के नए शैक्षणिक सत्र का आगाज़ कर देगा। इस बार पीजी में विवि खुद ही प्रवेश परीक्षा करवा रहा है तो वही यूजी में एडमिशन के लिए छात्रो को एनटीए द्वारा सीयूईटी का एग्जाम देना पड़ रहा है जिसके परीक्षा परिणाम की घोषणा 30 जून को एनटीए द्वारा कर दी जाएगी।

15 दिन बाद से विवि एडमिशन की प्रकिया को शुरू कर देगा।वही दूसरी तरफ गढ़वाल विवि के छात्र संघ अध्यक्ष शुधासु थपलियाल ने एडमिशन प्रकिया शुरू होने को लेकर बताया कि अभी तक विवि का परीक्षा अनुभाग एग्जाम की तिथियों को आगे बढ़ा रहा है जिससे पूरा सिस्टम ही बदल रहा है ऐसे में विवि किस तरह से समय पर एडमिशन प्रकिया शुरू कर सकेगा इस ओर प्रश्न चिह्न जरूर खड़े होते है।

उन्होंने बताया कि पिछले शैक्षणिक सत्र में भी विवि समय पर एडमिशन प्रकिया शुरू करने के दावे करता था लेकिन एडमिशन अगस्त सितंबर माह में शुरू हो सके इस बार भी यही होता हुआ दिखाई पड़ रहा है।वहीं गढ़वाल विवि के डीएसडब्ल्यू प्रो एमएस नेगी ने बताया कि वर्ष 15 जुलाई से एडिमशन प्रक्रिया को शुरू कर दिया जाएगा। 30 जून तक यूजी प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट सामने आ जायेगा जिसके 15 दिन बाद से एडमिशन की प्रकिया शुरू कर दी जाएगी। पीजी के लिए भी विवि खुद ही प्रवेश प्रकिया आयोजित कर रहा है जिसे समय से पूरा कर दिया जाएगा कोशिश होगी कि 25 जुलाई से नया शैक्षणिक सत्र शुरू कर दिया जाए।

## मंगलौर में इस बार खिलेगा कमल : रेखा आर्य

रुड़की। काबीना मंत्री रेखा आर्य ने कहा है कि इस बार मंगलौर उपचुनाव में कमल खिलेगा। भारी मतों से पार्टी प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना विजयी होंगे। इसके लिए संगठन के कार्यकर्ता मजबूती के साथ बूथ स्तर पर कार्य कर रहे हैं। जिससे यह साफ जाहिर है कि इस बार मंगलौर के इतिहास में नई इबारत लिखी जाएगी। रविवार को कस्बे में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में काबीना मंत्री रेखा आर्य पहुंची।

# लड़की के शरीर को बनाया थाली परोसा खाना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 24 जून : दुनियाभर में कई अजीबो-गरीब जगहें हैं उनमें कुछ ऐसी भी जगह हैं जो काफी अतरंगी होती हैं। आज हम आपको ऐसे ही कुछ रेस्टोरेंट के बारे में बताने जा रहे हैं जहां पर खाने-पिलाने का तरीका बड़ा अजीब है। कैसा हो अगर आप ऐसी जगह जाए जहां पर आपको अपने कपड़े उतारने होंगे और बिल भी खुद ही चुकाना होगा?

जानकर थोड़ा अटपटा लग रहा होगा, लेकिन असल में एक ऐसा रेस्टोरेंट है। जहां खाने वाले लोगों को बिना कपड़े के रेस्टोरेंट में खाना परोसा जाता है। सिर्फ ऐसा ही नहीं बल्कि दुनिया में ऐसा भी रेस्टोरेंट है जहां पर महिला के शरीर पर खाना परोसा जाता है। आज हम आपको इंटरनेट की दुनिया में अपनी खास जगह बनाने वाले अतरंगी रेस्टोरेंट के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके खिलाने-पिलाने का अंदाज बहुत निराला है। आइए दुनियाभर के अजीबो-गरीब रेस्टोरेंट के बारे में जानते हैं।

कब्रिस्तान में बैठकर चाय-कॉफी

अगर आप से कहा जाए कि आपको कब्रिस्तान में बैठकर चाय-कॉफी का आनंद लेना है तो क्या आप ऐसा कर पाएंगे? शायद जवाब न में ही होगा। हालांकि, हम जिस रेस्टोरेंट की बात कर रहे हैं वहां लोग कब्र के बीच खाना-पीना पसंद करते हैं। दरअसल, अहमदाबाद में एक अनोखा रेस्टोरेंट है जो कब्रिस्तान के ऊपर बना हुआ है। न्यू लकी नामक इस रेस्टोरेंट में चाय के टेबल के बीच एक-एक कब्र भी है। इसे बने हुए 50 साल से भी ज्यादा का समय हो गया है। यहां पर लोग कब्रिस्तान में चाय-कॉफी पीने का मजा उठाना पसंद करते हैं।

आपसे अगर कहा जाए कि दुनिया में ऐसा भी रेस्टोरेंट है जहां महिला की न्यूड बॉडी पर खाना परोसा जाता है और लोग बड़े ही चाव से उसका आनंद भी लेते हैं तो आपका क्या कहना होगा? शायद आपके लिए भी ये थोड़ा अजीब होगा और आप भी सोचेंगे कि भला इस तरह से कोई कैसे खा सकता हैं, लेकिन आपको बता दें कि इस तरह से खाने वालों की काफी संख्या है। दरअसल, जापान में मौजूद न्योताईमोरी नामक रेस्टोरेंट में इसी तरह से खाना परोसा जाता है। न्योताईमोरी को नेकेड-सुशी रेस्तरां के नाम से भी जाना जाता है और यहां पर महिला के शरीर पर खाना परोसते हैं।

आपने कई तरह के रेस्टोरेंट देखे होंगे और कई रेस्टोरेंट के बारे में सुना भी होगा, लेकिन क्या कभी कोई ऐसी जगह देखी है जहां पर खाना खाने के लिए लोग अपने कपड़े उतारते हैं। जानकर थोड़ी हैरानी हो रही होगी, लेकिन लंदन में एक ऐसा रेस्टोरेंट है जहां पर लोग कपड़े उतारकर खाना खाते हैं। पब्लिक प्लेस पर बिना कपड़ों के यहां सभी खाने का लुत्फ उठाते हैं। इस रेस्टोरेंट का नाम दी बुनियादी है जिसका निर्माण साल 2016 में हुआ था। इस न्यूड रेस्टोरेंट में सिर्फ खाना खाने आए लोग ही नहीं बल्कि शेफ और वेट्रेस भी न्यूड रहकर खाना परोसते हैं।



# अब केले से खत्म हो रहा है चीनी कर्मचारियों का तनाव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 24 जून : आज के समय में नौकरी में तनाव होना एक आम बात है, लेकिन इसका असर आपकी रोजमर्रा की लाइफ, हमारी सेहत पर भी पड़ता है. इस तनाव के पीछे ऑफिस का माहौल, वर्क प्रेशर, लंबा वर्क शिड्यूल,डेडलाइन जैसी कई तरह की चीजें होती है. डेली रूटीन में अगर नौकरी में आपको ज्यादा तनाव महसूस हो रहा है, हालांकि कई बार कंपनी इसके लिए तरह-तरह उपाय अपनाती है. आमतौर पर इसके लिए आउटडोर या इंडोर खेलों का इंतजाम होता है, लेकिन चीन की एक कंपनी इन दिनों चर्चा में है. जिसने अपने कर्मचारियों के लिए एक अजीबोगरीब प्रयोग किया है।

ये बात तो हम सभी जानते हैं कि केला इंसान हम इंसानों के लिए कितने ज्यादा के लिए कितने ज्यादा फायदेमंद होता है, लेकिन इन दिनों चीन की एक कंपनी केले और उसके पेड़ का इस्तेमाल कर्मचारियों के तनाव को दूर करने के लिए कर रहे हैं. जी हां, आपने सही पढ़ा आपने साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चीन के कर्मचारियों के तनाव को दूर करने के लिए केलों का इस्तेमाल हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ज्यादातर कंपनियों ने अपने इंस्टाग्राम पर दफ्तरों की तस्वीरों को शेयर किया है. जिसमें टेबल पर रखे हुए केले के तने दिख रहे हैं, जिसमें केले लगे हुए हैं. दरअसल कर्मचारियों की टेबल पर केले तनों को गुलदान में रखकर उनके पीले होने का इंतजार किया जा रहा है और जब ये पीले हो जाते हैं तो उन्हें कर्मचारी खाते हैं. इस प्रक्रिया में करीब एक सप्ताह का समय लग जाता है और कंपनियां इस प्रक्रिया से काफी ज्यादा खुश नजर आ रही है। चीनी एक्सपर्ट की माने तो डेस्कटॉप बनाना के ज़रिये तनाव दूर होता है. इस तरह केलों को पकते हुए देखते से कर्मचारियों का तनाव ऑफिस में कम होता है और वे इन पर ध्यान देते हैं. इसके अलावा कर्मचारियों के अंदर एक मिल बांटकर खाने की आदत डेवलप होती है और इसके अलावा ऑफिस में एक दोस्ताना माहौल रहता है।

# आखिर गोल-गोल ही क्यों होते हैं टेलीफोन के तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 24 जून : कुछ चीजें कभी नहीं बदलती हैं. पहले तार वाले फोन आने पर लोगों ने कहा था कि पोस्ट ऑफिस खत्म हो जाएंगे, लेकिन वे खत्म नहीं हुए हैं, उनका कुछ स्वरूप जरूर बदला है. पर ऐसी बहुत सी चीजें हैं जो समय के साथ नहीं बदली हैं. ऐसी ही एक चीज है टेलीफोन के उपकरण की तार, ये शुरू से गोल ही रही है. उपकरण में कई आमूलचूल बदलाव हो गए, लेकिन यह तार गोल-गोल ही रहा! आम लोग इसकी सारी वजहें नहीं जानते हैं। टेलीफोन के उपकरण का तार जो कि डिब्बे और रिसीवर के बीच का तार होता है, हमेशा से ही गोल रहा. जहां बॉक्स में कई तरह के बदलाव आए, डिजाइन के साथ साथ, सिग्नल तकनीक भी आमूलचूल बदल गई, लेकिन क्वाइल नहीं बदली, हां कॉर्डलेस फोन ने इन क्वाइल्स को गायब करने की कोशिश जरूर की, लेकिन ये तो क्या मोबाइल फोन भी इन्हें पूरी तरह से गायब नहीं कर सके। तो आइए जानते है कि ये चार गोल गोल क्यों होते हैं. सबसे बड़ा कारण जो इन तारों के गोल होने का बताया जाता है, वजह है सुविधा, ये तार खींच कर लंबे किए जा सकते हैं. इससे आपके कान और फोन के बॉक्स की दूरी बढ़ सकती है जो काफी सुविधाजनक हो जाता है. और जरा से खिंचाव की वजह से फोन की तार प्रणाली खराब होने का खतरा भी काफी घट जाता है।

इसकी एक वजह यह भी बताई जाती है कि फोन के तार को गोल गोल रखना सीधे तार के तुलना में ज्यादा जरूरी है क्योंकि टेलीफोन का रिसीवर बार बार एक हाथ से दूसरे हाथ में जाने से तार मुड़ता है और उसके खराब होने का खतरा रहता है. ऐसे में तार पहले से ही क्वाइल होने से इसके घूमने से किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होती है। लेकिन इस तार के क्वाइल की तरह रखने की सबसे बड़ी अहम वजह ये है कि इसके मुड़े रहने से अगर यह बिजली के तार के पास भी रखा हो, उससे तार में आने जाने वाले संकेतों को नुकसान नहीं होता है और बॉक्स से कानों तक जाने वाली और मुंह से बॉक्स तक जाने वाली आवाज के संकेत बाधित नहीं होते हैं. आखिर हम आवाज से कोई समझौता नहीं करना चाहते।

# मास्टमाइंड लड़की के कारनामे हैरान कर देंगे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 24 जून : हम सबने पढ़ा होगा कि दुनिया के सबसे तेज दिमाग वाले इंसान अल्बर्ट आइंस्टीन थे। उनका IQ लेवल 160 था। लेकिन ये रिकॉर्ड महज 11 साल की बच्ची ने तोड़ दिया है। एक 11 वर्षीय बच्ची अधारा पेरेज़ सांचेज़ का IQ लेवल 162 स्कोर दर्ज किया गया , इतना ही नहीं, इस बच्ची ने इस छोटी-सी उम्र में ही अपनी मास्टर डिग्री भी हासिल कर ली है। जानकारी के लिए बता दें कि सामान्यतः: एक छात्र अपनी पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री 20 साल के बाद ही हासिल कर पाता है। बता दें कि अधारा के आईक्यू दो महान फिजिक्स के साइंटिस्ट, अल्बर्ट आइंस्टीन और स्टीफन हॉकिंग से ज्यादा है।

**नासा में करना चाहती है काम**

फ्रांसीसी मीडिया के मुताबिक अधारा का सपना नासा के साथ काम करने का है। अधारा वर्तमान में मैक्सिकन स्पेस एजेंसी के साथ युवा छात्रों को स्पेस एक्सपोलोरेशन और मैथ को बढ़ावा दे रही है। 11 वर्षीय ने बच्ची ने CNCI यूनिवर्सिटी से सिस्टम इंजीनियरिंग में डिग्री



हासिल की है और दूसरा टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी ऑफ़ मैक्सिको से मैथ में इंडसट्रियल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की है।अधारा पेरेज़ सांचेज़ जब तीन साल की थी, तब पता चला कि वह ऑटिज्म से पीड़ित है, बता दें कि ऑटिज्म एक विकासात्मक रोग है जो सोशल इंटरेक्शन और कम्युनिकेशन में बाधा डालता है,

**पड़ोस के बच्चे करते थे तंग**

अधारा के माता पिता गरीब है जिनकी आय काफी कम है। आधारा के पड़ोस रहने वाले बच्चे उसे अक्सर तंग किया करते थे। अधारा की मां नायेली सांचेज़ ने मैगजीन को बताया, "वह बहुत उदास थी, लोगों में सहानुभूति नहीं थी, उन्होंने उसका काफी मज़ाक उड़ाया,"सांचेज़ ने आगे कहा, " वह अपने दोस्तो के साथ नहीं खेलना चाहती थी, उसे अजीब, अलग लगा। वह थोड़ी देर के लिए स्कूल जा सकती थी लेकिन फिर वह नहीं कर पाई, वह स्कूल में सो जाती, वह कोई काम नहीं करना चाहती थी।"

**6 साल की उम्र पास किया हाईस्कूल**

सांचेज़ ने बताया की उन्होंने समझा कि बेटी शैतानी कर रही है इसलिए अधारा का मेडिकल काउंसिल करवाया और फिर प्रतिभाशाली बच्चों के लिए एक स्कूल सेंटर फॉर अटेंशन टू टैलेंट (CEDAT) में एडमिशन कराया। स्कूल में उसके आईक्यू की पुष्टि की गई, और उसने 5 साल की उम्र में प्राथमिक स्कूल की पढ़ाई पूरी की, उसके बाद सिर्फ एक साल में मिडिल और हाई स्कूल पास किया।

# नीट में धांधली पर कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका

रुद्रपुर। नीट में धांधली को लेकर रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला फूंका। रविवार को नगर के हजारीलाल पेट्रोल पंप के सामने कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता इकट्ठे हुए। उन्होंने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। सिद्धार्थ भुसरी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। इस दौरान टेकचंद कांबोज, सुभाष बेहड़, मास्टर रामविलास, पारस धवन, त्रिनाथ विश्वास, संजीव झाम, किशोर सावंत, टीकम खेड़ा, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# ग्रामालोक कार्यक्रम में साहित्यकारों ने हिंदी रचनाओं का किया पाठ

अल्मोड़ा। साहित्य अकादमी द्वारा ग्राम बकस्वाड़ अल्मोड़ा में ग्रामालोक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें साहित्यकार त्रिभुवन गिरी, डॉ हयात रावत, नवीन बिष्ट, विपिन जोशी 'कोमल', शंकर जोशी और डॉ ललित चन्द्र जोशी 'योगी' ने अपनी हिंदी रचनाओं का पाठ किया। इस कार्यक्रम के संयोजक और सदस्य परामर्श मंडल साहित्य अकादेमी के प्रो देव सिंह पोखरिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता त्रिभुवन गिरि महाराज ने की। मुख्य अतिथि रूप में लमगड़ा ब्लॉक प्रमुख विक्रम सिंह बगडवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक प्रो देव सिंह पोखरिया ने साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की सूचना दी। उन्होंने बताया कि ग्रामालोक कार्यक्रम भारतवर्ष के ग्रामों में आयोजित हो रहे हैं। ग्रामों में क्षेत्र के कवियों की रचनाओं का पाठ किया जा रहा है। बकस्वाड़ गांव जैंती के समीप है। कई गांवों के मध्य में स्थित यह गांव सही मायने में यह ग्रामालोक है। उन्होंने बताया कि साहित्य अकादेमी, मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर, भारत सरकार के अंतर्गत ग्रामालोक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साहित्य अकादेमी का यह कार्यक्रम इस गांव में पहली बार आयोजित हुआ है जिससे साहित्यिक पहचान मिलेगी। इस अवसर पर संचालन विपिन जोशी ने और आभार साहित्य अकादमी के सदस्य प्रो देव सिंह पोखरिया ने किया। ग्रामालोक कार्यक्रम में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# व्यय प्रेक्षक ने ली चुनाव खर्च का ब्यौरा रखने वाले अधिकारियों की बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



चमोली। बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव को पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने को लेकर व्यय प्रेक्षक मनदीप पंवार ने रविवार को चुनावी खर्च का ब्यौरा रखने से संबंधित अधिकारियों एवं निगरानी दलों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने उड़नदस्ता, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन टीम, लेखा टीम के प्रभारी अधिकारियों को पूरी सजगता एवं निष्ठा से निर्वाचन दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

व्यय प्रेक्षक ने सभी वीएसटी प्रभारियों को निर्देश दिए कि सभी राजनीतिक बैठकों एवं जनसभाओं और रैलियों की पूर्ण वीडियोग्राफी वॉइस मोड में की जाए। रैली में आए वाहनों आदि की भी जांच व वीडियोग्राफी कर रिपोर्ट वीडियो अवलोकन टीम को प्रेषित की जाए। वीडियो अवलोकन टीम उसी दिन वीडियो का अवलोकन करें और विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर लेखा टीम को उपलब्ध कराए। लेखा टीम सभी साक्ष्यों के आधार पर निर्धारित रेट चार्ट में दी गई दरों पर प्रत्याशियों का छाया प्रेक्षण रजिस्टर तैयार करें एवं साक्ष्यों का फोल्डर अलग से तैयार करें। सभी प्रत्याशियों के अलग-अलग फोल्डर तैयार किए जाए एवं निरीक्षण के दिन सभी साक्ष्यों व छाया प्रेक्षण रजिस्टर को भी साथ लाए। उन्होंनें उड़नदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी टीम को भी पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

व्यय प्रेक्षक ने सभी टीम प्रभारियों से कहा कि वे निर्भीक होकर निष्पक्ष चुनाव हेतु अपनी ड्यूटी करें एवं किसी भी प्रकार की शंका एवं सहायता के लिए सहायक व्यय प्रेक्षक, रिटर्निंग ऑफिसर या नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण से सम्पर्क कर सकते हैं या सीधे उन्हें भी फोन कर सूचित कर सकते हैं। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी मामूर जहां ने व्यय प्रेक्षक को निर्वाचन की तैयारियों एवं टीमों के कार्य प्रगति से अवगत कराया।

बैठक में सहायक व्यय प्रेक्षक हनी दहिया, प्रभारी अधिकारी लेखा दल मो0 असलम सिद्दीकी, प्रभारी अधिकारी वीवीटी सौरभ बहुगुणा, प्रभारी वीएसटी विनोद कुमार ममगाई एवं नरेन्द्र रावत आदि उपस्थित थे। उड़नदस्ता एवं स्थैतिक निगरानी दल के प्रभारी अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया।

बैठक के बाद व्यय प्रेक्षक मनदीप पंवार ने मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति के कार्यालय, सी-विजिल एवं कन्ट्रोल रूम का स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोशल मीडिया और पेड न्यूज पर कड़ी निगरानी रखी जाए। सी-विजिल एवं कंट्रोल रूम को प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए।

## बामणी के मतदाता 25 किमी दूर जाकर मतदान करेंगे

चमोली। बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव में मतदान के लिए बदरीनाथ के बामणी गांव के मतदाताओं को 25 किमी का सफर कर मतदान केंद्र पर पहुंचना होगा। 800 से अधिक मतदाताओं वाले पांडुकेश्वर के मतदाता ग्रीष्मकाल में बदरीनाथ के कपाट खुलने और बंद होने की अवधि तक बदरीनाथ के अपने बामणी गांव में रहते हैं। बदरीनाथ के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बलदेव मेहता का कहना है कि बामणी गांव के मतदाताओं को 25 किमी दूर पांडुकेश्वर के मतदेय स्थल पर जाना होगा। बदरीनाथ में पूजा, व्यवसाय से जुड़े बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र के अन्य गांव, नगरों के लोग भी हैं। जिनके मतदान केंद्र जोशीमठ, टंगणी, पाखी अलग अलग स्थानों पर हैं। उन्हें भी मतदान के लिए बदरीनाथ से अपने मतदान केंद्रों पर जाना पड़ेगा।

## फोटोग्राफी वेलफेयर सोसाइटी की हुई बैठक

श्रीनगर। श्रीनगर फोटोग्राफी वेलफेयर सोसायटी ने रविवार को संस्था से जुड़े लोगों की बैठक का आयोजन किया। बैठक में संस्था द्वारा समय समय पर सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग करने का निर्णय लिया गया। संस्था के सदस्यों ने कहा कि संस्था द्वारा समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैंप, अस्पतालों में मरीजों की सेवा के लिए फल वितरण, बुक डोनेशन समेत अन्य सामाजिक कार्य किए जाएंगे। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने बैठक में प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया। मौके पर विजय सिंह रावत, राजेश बडोनी, सुरेन्द्र ज्याड़ा, मेघपाल सिंह पंवार मौजूद रहें।

## मांग पर कार्रवाई न होने पर गुरिल्लाओं में रोष

श्रीनगर। गुरिल्ला संगठन के गढ़वाल क्षेत्र के प्रवक्ता अनिल भट्ट ने गुरिल्लाओं की मांग पर कार्रवाई न होने के चलते उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में शीघ्र बैठक बुलाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि 20 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और गुरिल्ला संगठन के पदाधिकारियों की वर्चुअल माध्यम से बैठक ली थी। बैठक में विभिन्न विभागों में गुरिल्लाओं के समायोजन हेतु विभागों को प्रस्ताव तैयार करने को कहा था। लेकिन विभागों से अभी तक किसी भी प्रकार का कोई उत्तर नहीं आया। कहा कि अगर सरकार जल्द से जल्द गुरिल्लाओं की मांगों पर कार्रवाई नहीं करती तो वे उग्र आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे।

## सड़क निर्माण शुरू न होने पर ग्रामीणों में रोष

श्रीनगर। विकासखंड खिर्सू के दुर्गाकोट, देवसाल के ग्रामीण लंबे समय से सड़क का इंतजार कर रहे हैं। यहां 2020-21 में श्रीनगर खंडाह-ढामकेश्वर-भेलगढ से देवसाल तक सड़क मार्ग स्वीकृत हुआ था। तीन साल बीत जाने के बाद भी सड़क न बनने से ग्रामीण परेशान है। दुर्गाकोट के निवासी शंकर सिंह पटवाल ने कहा कि स्थानीय विधायक व काबीना मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने भेलगढ से देवसाल तक 3.5 किमी की लिंक रोड़ स्वीकृत की थी। लेकिन अब तक उक्त मोटर मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। कोटी गांव निवासी गजेंद्र पंवार ने कहा कि भेलगढ़ से देवसाल तक स्वीकृत इस सड़क से कोटी-कमेड़ा, दुर्गाकोट, देवसाल गांव जुड़ने थे। देवसाल गांव के ग्रामीणों को खड़ी चढाई चढकर उपर सड़क मार्ग तक पहुंचना पड़ता है। अगर कोई बीमार हो जाता है तो ऐसी स्थिति में डंडी-कंडी का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने विभाग से जल्द से जल्द सड़क निर्माण की मांग की।

## महिलाओं को दिया मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

नई टिहरी। माउंट वैली डेवलपमेंट एसो. दोणी की ओर से भिलंगना और जाखणीधार ब्लॉक के गांवों में महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेषज्ञों की ओर से उन्हें घरेलू कामकाज के साथ-साथ मशरूम उत्पादन कर आजीविका संवर्धन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। माउंट वैली की ओर से बीते शनिवार को खाल पाली, कोटी, स्यालकुंड, पौखाल, गेंवली, नंदगांव, कोष कांडी आदि गांवों में महिलाओं को मशरूम उत्पादन करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। मशरूम उगाने के लिए वानस्पतिक प्रवर्धन तकनीक का प्रयोग करना सिखाया गया। जिसमें शुद्ध कवक जाल संवर्धन बनाने के बाद उसे उबले हुए गेहूं, बाजरा, ज्वार, राई आदि के दानों पर उगाया जाता है। एसोसिएशन के कुंवर सिंह, अनीता और वीरेंद्र नेगी ने बताया कि मशरूम उत्पादन कर स्वयं सहायता समूह अच्छा लाभ कमा रहे हैं। अधिकांश उत्पादित मशरूम की लोकल बाजार में ही डिमांड है।

## काकडपानी से लूसी तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू न होने पर रोष

श्रीनगर। विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत काकडपानी से बांगपानी से होते हुए लूसी तक मोटरमार्ग का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। मोटरमार्ग का कार्य शुरू न होने पर आक्रोशित लूसी के ग्रामीणों ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर ईई को मिलने पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि सड़क की स्वीकृति के चार साल बाद भी निर्माण कार्य शुरू भी नहीं हो पाया है। मोटरमार्ग के निर्माण कार्य शुरू करवाये जाने की मांग को लेकर लोनिवि के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन को दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान पैंडुला सुनय कुकशाल, सुशीला देवी, लक्ष्मी देवी, कमली देवी, रजनी देवी ने कहा कि मोटरमार्ग को लेकर लगातार विभागीय अधिकारियों से पत्राचार किया जा रहा है, बावजूद अधिकारी भी ग्रामीणों को आश्वासन देते आ रहे है। बताया कि मोटरमार्ग न होने से लूसी गांव के ग्रामीणों को चार किलोमीटर खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। कहा कि उक्त चढ़ाई चढ़ने में बुजुर्ग लोग असमर्थ है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से मोटरमार्ग पर निर्माण कार्य शुरू नहीं होता है तो वह धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर मुनेंद्र भंडारी, विनोद प्रसाद, अजमेर भंडारी सहित आदि मौजूद थे।

## पीएचसी पिलखी के उच्चीकरण को लेकर आंदोलन करेंगे लोग

नई टिहरी। भिलंगना ब्लॉक स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिलखी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्चीकृत किए जाने को लेकर रविवार को स्थानीय लोगों ने बैठक की। इस मौके पर लोगों ने पिलखी में संघर्ष समिति का गठन किया। घनसाली के स्थानीय शिव मंदिर परिसर में आयोजित संघर्ष समिति की बैठक में सर्वसम्मति से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिलखी को उच्चीकृत करने के लिए सभी स्तरों पर पैरवी किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय रीजनल पार्टी के अध्यक्ष शिव प्रसाद सेमवाल को अध्यक्ष तथा हीरामणि बिजल्वाण, बालकृष्ण नौटियाल तथा घनानंद गैरोला को संरक्षक, पूर्व प्रमुख विजय गुनसोला को संयोजक, लोकेंद्र दत्त जोशी को सचिव, कृष्णा देवी को उपाध्यक्ष, अमरीश नौटियाल तथा जयप्रकाश कंसवाल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

पौड़ी। महान राष्ट्रवादी नेता और विचारक स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रविवार को भाजपाइयों ने उन्हें स्मरण किया। मौके पर सबने उनके विचारों पर चलने का संकल्प लेते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शशि कुमार ध्यानी, उटिंडा शक्ति केंद्र संयोजक रामेंद्र बिष्ट, शिक्षाविद रामेंद्र सिंह, इंटर कॉलेज नैनीडांडा के प्रबंधक रमन मधवाल, बिजेंद्र उनियाल, तनुजा रावत, राकेश मधवाल, वीपी सिंह आदि शामिल रहे।

### वाल्मीकि मूर्ति स्थापित नहीं होने पर जताई नाराजगी

पौड़ी। शहर में वाल्मीकि मूर्ति स्थापना को लेकर वाल्मीकि समाज के लोगों ने रविवार को बैठक का आयोजन किया। बैठक में अभी तक धारा रोड चौराहे के समीप वाल्मीकि मूर्ति स्थापना नहीं होने पर वाल्मीकि समाज के लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई। रविवार को आयोजित बैठक में वाल्मीकि संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व में कलक्ट्रेट के समीप धारा रोड चौराहे के पास वाल्मीकि मूर्ति स्थापना को लेकर भूमि पूजन तक कर दिया गया था, लेकिन बीच में जिला प्रशासन द्वारा कार्य को रुकवा दिया गया और अभी तक प्रशासन द्वारा उस भूमि को ना तो हस्थानांतरित किया गया है और ना ही वाल्मीकि मूर्ति स्थापना को लेकर कोई जगह वाल्मीकि समाज के लोगों को दी गई है। जिससे वाल्मीकि समाज के लोगों में रोष बना हुआ है। बैठक में निर्णय लिया गया कि वाल्मीकि मूर्ति स्थापना के संबंध में जल्द ही जिलाधिकारी से मुलाकात की जाएगी। कहा कि यदि सकारात्मक निर्णय नहीं लिए जाने पर आंदोलन किया जाएगा। बैठक में बलराम बागवानी, नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण घागट, नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार, मंदिर समिति अध्यक्ष सोनू घागट, राजू रेडियान, विक्रम किशोर कुमार, दीपक गौड़ियाल, संजीव, बृजेश, सोनू घागट आदि शामिल रहे।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

पौड़ी। भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर रविवार को विधायक कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक राजकुमार पोरी ने कार्यकर्ताओं के साथ मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि मां भारती की सेवा में समर्पित मुखर्जी का जीवन करोड़ों देशवासियों में राष्ट्रप्रेम एवं देश के प्रति समर्पण की अलख जगाता रहेगा। इस अवसर पर भाजपा अनु मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद टम्टा, महामंत्री भक्ति शाह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश जुगरान, भाजपा पौड़ी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विवेक ममगांई, महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता डोभाल आदि शामिल रहे।

### महिलाओं ने आज के हालात पर जताया दुख

पौड़ी। आकाशवाणी देहरादून से आए सीनियर उद्घोषक और कार्यक्रम प्रभारी विनय ध्यानी ने रविवार को ग्राम जमणधार पहुंचकर महिलाओं से गांव के हालात व विकास योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान महिलाओं ने गांव की विभिन्न समस्याओं के बारे बताते हुए गढ़वाली भजनों के साथ ही पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गीत भी प्रस्तुत किए। जमणधार में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्य गीता नेगी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दर्शनी देवी, रेखा देवरानी ने गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास योजनाओं की जानकारी दी। मंथादेवी, बसंती देवी, गंगोत्री देवी ने कहा कि वर्षों पहले हमारा गांव सर्वसंपन्न हुआ करता था, केवल गांव में सड़क न होने के चलते यातायात सुविधा नही थी। आज पक्की सड़क गांव में पहुंच गई है तो पलायन भी बढ़ गया है। खेती-बाड़ी, पशुपालन, बागवानी लोग छोड़ चुके हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य के हालात क्षेत्र में बदतर हैं। कभी एक सौ से अधिक छात्र संख्या वाला गांव का प्राइमरी स्कूल इन दिनों छात्र संख्या की कमी के चलते बंद होने के कगार पर है। एक समय में लगभग सत्तर परिवारों के साथ तीन सौ से अधिक की आबादी वाले गांव में वर्तमान में गिने चुने लोग, बुजुर्ग रह गए हैं।

### स्मैक के आरोपी को चार साल की सजा

चमोली। विशेष सत्र न्यायाधीश धर्म सिंह की अदालत ने स्मैक तस्करी के आरोपी युवक को दोषी करार दिया है। शनिवार को अदालत ने अभियुक्त को चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड जमा न करने पर अभियुक्त को छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 19 अक्टूबर 2019 की रात को चमोली कोतवाली पुलिस ने कोठियालसैंण के पास शुभम कुमार को आठ ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा था। एनडीपीएस एक्ट में पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया। जिसके बाद अदालत ने उसे जेल भेज दिया था। आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आठ गवाह पेश किए गए। गवाहों के बयान और सुबूतों के आधार पर अदालत ने अभियुक्त शुभम कुमार को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

### राजेंद्र ने रिंगाल से श्रीराम की प्रतिमा बनाई

चमोली। रिंगाल मेन के नाम से पहचान बनाने वाले चमोली जिले के किरुली गांव के राजेन्द्र बडवाल की रिंगाल से बनाई गई कलाकृति और उनकी प्रतिभा का हर कोई कायल है। राजेंद्र ने रिंगाल से भगवान श्री राम की सुंदर छवि बनाई है। रविवार को अपनी इस कृति पर रंग उकेरने के बाद राजेन्द्र बंडवाल ने अपनी कला पर कहा यह सब श्रीराम की कृपा है रिंगाल पर सुंदर कला अनुकृति बनाने वाले राजेन्द्र बंडवाल ने अभी तक बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, पशुपतिनाथ मंदिर, मोनाल, ढोल दमाऊ सहित अनेक सुंदर और आकर्षक स्वरूपों को रिंगाल कला का रूप दिया है।

### कांडई बाजार में शराब की दुकान बंद करने की मांग

चमोली। नन्दानगर घाट के शनिवार को कांडई पुल बाजार में शराब की दुकान खोले जाने का क्षेत्रीय जनता ने विरोध है। ग्राम सभा बनाला व खड़गोली की महिलाओं ने प्रदर्शन कर विरोध दर्ज किया। महिला मंगल दल और क्षेत्रीय जनता ने जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में कांडई पुल बाजार में शराब की दुकान खोले जाने पर आक्रोश जताते हुए कहा है कि यहां खोली गई शराब की दुकान शीघ्र बंद की जाय। बनाला खडगोली सहित क्षेत्र की जनता कांडई पुल बाजार में शराब के दुकान के विरोध में आन्दोलनरत हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की दुकान खोलने के विभागीय निर्णय के विरोध में ग्रामीण पहले से ही आक्रोशित और असहमत हैं। उसके बावजूद भी आबकारी विभाग द्वारा छोटी दुकान खोली गई है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की दुकान खोलने से क्षेत्र और गांव का माहौल खराब हो रहा है। लोग नशे के आदि हो जाएंगे। महिला मंगल दल का कहना है कि यह ठेका ग्राम पंचायत बनाला व खड़गोली के मुख्य मार्ग पर खोला गया है। यहां से रोज स्कूली बच्चे ग्रामीण महिलाएं बाजार आती-जाती है। युवाओं और नई पीढ़ी पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। खड़गोली महिला मंगल दल की अंजना पुरोहित, शर्मीला देवी, ऊषा देवी, दर्शनी देवी, संगीता, मंजू, मोहन लाल, आशा, विनीता, बीना तिवारी, शान्ति देवी, शकुन्तला आदि महिलाओं और स्थानीय जनता ने शराब की दुकान को बंद किए जाने की मांग की है।

# शार्क टैंक इंडिया के प्रसिद्ध जज पियूष बंसल ने सनफॉक्स टेक्नोलॉजीज का दौरा किया, रणनीति और संभावनाओं पर की चर्चा



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 23 जून, 2024 — शार्क टैंक इंडिया के प्रसिद्ध जज और उद्यमी पियूष बंसल ने सनफॉक्स टेक्नोलॉजीज की लैब का दौरा किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने टीम के साथ रणनीति और संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की कि कैसे स्पंदन ECG डिवाइस को बड़े पैमाने पर लागू किया जा सकता है।गौरतलब है कि शार्क टैंक इंडिया में सनफॉक्स टेक्नोलॉजीज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था और इसमें पाँचों जजों ने निवेश किया था। पियूष बंसल, जो सनफॉक्स के निवेशक भी हैं, ने हमेशा हमारी टीम को बहुत समर्थन दिया है और इसे अपने सबसे प्रभावशाली निवेशों में से एक मानते हैं।"पियूष बंसल का हमारे यहां आना और हमारे काम की सराहना करना हमारे लिए बहुत बड़ी बात है," सनफॉक्स के तकनीकी प्रमुख नितिन चंदोला ने कहा। "उनका समर्थन और मार्गदर्शन हमारे लिए अनमोल है।




बंसल ने कहा, "सनफॉक्स में जुनून और नवाचार को देखना वास्तव में प्रेरणादायक है। स्पंदन एक गेम-चेंजर है और यह दिल की स्वास्थ्य निगरानी को आसान और सुलभ बनाता है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां स्वास्थ्य सेवा की सुविधाएं सीमित हैं।"सनफॉक्स टेक्नोलॉजीज दिल की देखभाल में सीमाओं को धकेलना जारी रखता है, और पियूष बंसल जैसे प्रभावशाली व्यक्तियों के समर्थन के साथ, उनकी मिशन विश्वसनीय और किफायती कार्डियक देखभाल प्रदान करने की ओर अधिक साकार हो रही है।


सनफॉक्स टेक्नोलॉजीज के बारे में : देहरादून, भारत में स्थित सनफॉक्स टेक्नोलॉजीज, चिकित्सा नवाचार में अग्रणी है। उनका प्रमुख उत्पाद, स्पंदन, एक पोर्टेबल ECG डिवाइस है जो दिल की स्वास्थ्य निगरानी को आसान और सुलभ बनाता है। सनफॉक्स का उद्देश्य ऐसे प्रौद्योगिकी का निर्माण करना है जो जीवन और स्वास्थ्य सेवा परिणामों में सुधार करे।

# मुझे पिस्तौल से नींद में गोली मार दी जाए...

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 24 जून : जम्मू कश्मीर के आखिरी महाराजा हरि सिंह बहुत प्रगतिशील सोच के शख्स थे. साल 1925 में जब उन्होंने गद्दी संभाली तो ताजपोशी के दिन कहा कि मैं भले ही हिंदू हूं, पर अपनी जनता के लिए मेरा एक ही धर्म है- न्याय. महाराजा हरि सिंह ने ऐसा इसलिए कहा, क्योंकि उनकी रियासत में काफी आबादी मुसलमानों की थी. वह लगातार ईद के आयोजनों में शामिल होते रहे. मोहर्रम के जुलूस में शिरकत की. गद्दी संभालने के साथ ही उन्होंने जम्मू और कश्मीर में 50-50 स्कूल खोलने का ऐलान किया.

गिलगित और लद्दाख में भी 10-10 स्कूल खोलने की घोषणा की. इसके अलावा डिस्पेंसरी, अस्पताल, पीने के पानी जैसी व्यवस्थाएं की.एमवाई सर्राफ अपनी किताब 'कश्मीरी फाइट्स फॉर फ्रीडम' में लिखते हैं कि महाराजा हरि सिंह बड़े सख्त मिजाज के थे. वह चमचागीरी कतई पसंद नहीं करते.




अपने शासनकाल के दौरान वह चमचों से इतने नाराज हुए कि हर साल एक पुरस्कार देने लगे. इस पुरस्कार का नाम रखा 'खुशामदी टट्टू'. सर्राफ लिखते हैं कि महाराजा हर साल बंद दरबार में सबसे बड़े चमचे को एक टट्टू की प्रतिमा देते थे.

एक रिपोर्ट के मुताबिक महाराजा हरि सिंह ने जो सबसे ऐतिहासिक काम किया, वह था लड़के और लड़कियों की शादी की उम्र तय करना. उन्होंने लड़कों के लिए शादी की न्यूनतम उम्र 18 साल और लड़कियों के लिए 14 साल तय की. अपनी रियासत में इसका कड़ाई से पालन भी करवाया.गद्दी संभालने के 8 साल बाद साल 1932 में महाराजा हरि सिंह ने सबसे क्रांतिकारी घोषणा की.

यह घोषणा थी रियासत के सभी मंदिरों को दलितों के लिए खोल देना. इस घोषणा पर बहुत विवाद हुआ. जम्मू के मशहूर रघुनाथ मंदिर के पुजारी ने उनके इस ऐलान के बाद इस्तीफा दे दिया, पर महाराज ने अपना फैसला वापस नहीं लियाअक्टूबर 1947 में कबायली पठानों ने जम्मू कश्मीर पर धावा बोल दिया और श्रीनगर के करीब तक आ गए. नेहरू और सरदार पटेल को जब यह पता चला तो उनके होश उड़ गए. खुद महाराजा हरि सिंह भी कबायली पठानों के हमले से छक्के-बक्के थे. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने पीठ में छूरा घोंपा है. हरि सिंह ने आनन फानन में भारत में विलय की सहमति दे दी. डॉमिनिक लापियर और लैरी कॉलिन्स लिखते हैं कि महाराजा हरि सिंह भले ही विलय की सारी शर्तें मानने को तैयार हो गए थे और जम्मू चले आए,

लेकिन उन्हें आखिर तक भरोसा नहीं था कि भारत उनकी मदद करेगा. वह लिखते हैं कि 17 घंटे की थकाऊ यात्रा के बाद महाराजा हरि सिंह का बेड़ा जम्मू पहुंचा. वह तुरंत अपने बेडरूम में चले गए. सोने से पहले उन्होंने अपने एडीसी को बुलाकर महाराजा की हैसियत से अंतिम आदेश दिया.महाराजा हरि सिंह ने अपने एडीसी से कहा, "वीपी मेनन दिल्ली से लौट कर आएं, तभी मुझे जगाया जाए. उनके लौटने का मतलब होगा कि भारत ने हमारी सहायता की बात मान ली है. यदि वह सुबह होने से पहले वापस न आएं, तो इसका अर्थ होगा कि सारा खेल समाप्त हो गया है. मुझे मेरे पिस्तौल से सोते में गोली मार दी जाए...'

# प्लास्टिक कचरे से करोड़पति बना जोशीमठ

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 24 जून : क्या आप यकीन करेंगे कि कचरे से करोड़ों की कमाई हो सकती है ? क्या आप मानेंगे कि चार धाम यात्रा के दौरान जिस प्लास्टिक बोतलों को यात्री फेंक रहे हैं उसी से जोशीमठ नगर पालिका मालामाल हो ? उत्तराखंड में इन दिनों देश और विदेश से चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं का रेला लगा है। भीड़ की वजह से स्थानीय लोग ट्रैफिक जाम समेत कई दूसरी समस्याओं से जूझ रहे हैं। बाहर से आने वाले लोग हमेशा दिक्कत ही नहीं पैदा करते। कुछ फायदा भी करा देते हैं। दरअसल जोशीमठ नगर पालिका ने प्लास्टिक कचरे की रीसाइक्लिंग के जरिये एक करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। इस कचरे में मुख्य रूप से वे प्लास्टिक की बोतलें शामिल हैं जो पानी या कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद टूरिस्ट फेंक देते हैं।



कचरा रिसाइकिल के लिए 22 मजदूरों की ड्यूटी

जोशीमठ नगर पालिका ने 3 टन से ज्यादा प्लास्टिक कचरे से एक करोड़ से ज्यादा रुपये कमाए हैं। नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने चारधाम यात्रा से 3 टन से ज्यादा प्लास्टिक कचरा इकट्ठा किया है। बद्रीनाथ, हेमकुंड साहिब और जोशीमठ से पांडुकेश्वर तक की सफाई का जिम्मा जोशीमठ नगर पालिका के पास ही है। फूलों की घाटी यात्रा के मुख्य पड़ाव की सफाई भी यही नगर निगम करवाता है।

इस प्लास्टिक कचरे को इकट्ठा कर कॉम्पेक्टर मशीन से ब्लॉक बनाकर इसको रिसाइकिल किया जाता है। प्लास्टिक कचरे के निस्तारण के लिए 22 मजदूरों की ड्यूटी लगाई गई है। जोशीमठ से पांडुकेश्वर तक सफाई व्यवस्था के लिए नगर पालिका की तरफ से कई पर्यावरण मित्र भी तैनात किए गए हैं।

गौरतलब है कि इस बार चारधाम यात्रा पर इतने ज्यादा श्रद्धालु आ रहे हैं कि जगह-जगह लंबे जाम की समस्या देखी जा रही है। भीड़ के चलते कुछ दिन पहले चारधाम यात्रा का रजिस्ट्रेशन भी दो दिन के लिए बंद कर दिया गया था।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार कर भेजा जेल

अल्मोड़ा। द्वाराहाट पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को 05 घण्टे के भीतर गिरफ्तार किया है। बीते शनिवार को द्वाराहाट क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर दी कि उसकी बहन के साथ प्रमोद बिष्ट उर्फ संजु बिष्ट ने दुष्कर्म किया है। तहरीर के आधार तत्काल थाना द्वाराहाट में धारा 376 आईपीसी के तहत अभियुक्त प्रमोद बिष्ट उर्फ संजु बिष्ट के विरुद्ध एफआईआर पंजीकृत की गई थी। थानाध्यक्ष द्वाराहाट अवनीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी-पतारसी व जानकारी जुटाकर अथक प्रयास करते हुए शनिवार को ही 05 घण्टे के भीतर आरोपी प्रमोद बिष्ट उर्फ संजु बिष्ट को द्वाराहाट से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। यहाँ पुलिस टीम में थाना सोमेश्वर से महिला उपनिरीक्षक मोनी टम्टा व थाना द्वाराहाट से एएसआई विजय पाल, हेड कांस्टेबल योगेन्द्र प्रकाश, कांस्टेबल ललित मोहन शामिल रहे।

# एकल विद्यालय की महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

रुद्रपुर। एकल अभियान सम्भाग उत्तराखंड के अंतर्गत अंचल ऊधमसिंह नगर का स्नेह सम्पर्क परिवार (महिला विभाग) का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर रविवार को संपन्न हो गया। इसमें जिलेभर के एकल विद्यालय में योगदान दे रहीं महिलाएं शामिल हुईं। रविवार को एएनके इंटर कॉलेज गूलरभोज में आयोजित प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि मानवेन्द्र पांडेय, स्नेहपाल सिंह, गोल्डी बंसल, ममता भटेजा ने किया। इस दौरान प्रभाग अध्यक्ष शांति पांडेय ने एकल अभियान में महिला समिति की भूमिका व वर्ग का उद्देश्य बताया। इस दौरान निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता दुबे, वर्ग संयोजक विजेता पानू, शैली बंसल, इन्द्रा चंद, हरीश बजाज, राकेश सिंह, भगत सिंह धर्मशक्तू, संजीव भटेजा, नरेश सिंह, लोकपाल शाही, विषन सिंह, राजेन्द्र मेहरा, योगेश पानू, उदयभान, राजेश, अरविन्द, फाल्गुनी सरकार, मनीषा नेगी, भावना उपाध्याय, अजीत सिंह, रामेश्वरी आदि रहे।

# केदारनाथ यात्रा : अगले 2 माह इन 2 कंपनियों के ही हेली भरेंगे उड़ान, बाकी 6 ने समेटे पंख


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग 24 जून : मानसून को देखते हुए 6 हेली कंपनियों ने अपनी सेवाएं की बंद कर दी है, अब केदारनाथ धाम के दर्शन करने के लिए, सिर्फ 2 हेली कंपनियां उड़ान भरेंगी। वर्षाकाल के दौरान केदारघाटी में उड़ान भरना मुश्किल हो जाता है और यात्रियों की संख्या भी कम रहती है।

उत्तराखंड में इस समय चारधाम यात्रा के चलते भारी संख्या में भीड़ उमड़कर आ रही है और इस साल बीते वर्षों की तुलना में कई अधिक श्रद्धालु पहुँच रहे हैं तथा इस बार कई नए रिकॉर्ड भी बने हैं। लेकिन प्रदेश में अब बारिश का सिलसिला शुरू हो चुका और कुछ दिनों में मानसून की बारिश भी होने लगेगी इसके चलते तीर्थयात्रियों की संख्या में भी कमी आती है और वर्षाकाल के दौरान उड़ान भरना जोखिम भरा होता है, इसलिए शुक्रवार को केदारनाथ धाम में सेवा दे रही 6 कंपनियां पवन हंस, आर्यन, पवन हंस, ग्लोबल वेक्ट्रा, केस्टल, थुम्बी, ऐरो हेली ने वर्षाकाल के लिए अपनी सेवाएं बंद कर दी है।

आमतौर पर देखा जाए तो चारधाम यात्रा दो चरणों में होती है, पहला चरण यात्रा शुरू होने से जून के अंत तक चलता है और दूसरा चरण वर्षा ऋतु के बाद सितंबर के पहले या दूसरे सप्ताह से कपाट बंद होने तक चलता है। इस वर्ष प्रथम चरण में 56,110 श्रद्धालुओं ने हेलीकॉप्टर से बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। 6 हेली कंपनियों के लौट जाने के बाद अब वर्षा काल में सिर्फ 2 कंपनियां ट्रांस भारत और हिमालय हेली ही सेवाएं देंगी। हेलीकॉप्टर के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि अभी तक केदारनाथ के लिए 10,027 उड़ाने संचालित की गई हैं, कपाट खुलने से प्रतिदिन लगभग 1500 तीर्थयात्री हेली सेवा से धाम के दर्शन करने पहुँच रहे हैं।






# वर्दी वाली बीवी का आतंक ! भगवान बचाए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 24 जून : पढ़ीलिखी काम काजी जीवनसाथी हो तो महंगाई के दौर में आज जिंदगी की गाडी आराम से चल जाती है। यही सोचकर युवा प्रोफेशनल्स को चुनते हैं लेकिन क्या हो जब वर्दी पहन कर बीवी आफत बन जाए ? आज जो खबर हम आपको बताने जा रहे हैं वह खबर कम बॉलीवुड की फिल्म की स्टोरी ज्यादा है. आपको याद होगा पिछले साल उत्तर प्रदेश में SDM ज्योति मौर्य और आलोक की कहानी ने खूब सुर्खियां बटोरी थी. ऐसे ही एक मामला बिहार के बेगूसराय से सामने आया है. यहां की कहानी और भी जबरदस्त है. यहां एक पति ने अपनी पत्नी को मजदूरी कर 11 साल तक खिलाया, पिलाया और पढ़ाया. पति की मेहनत और पत्नी की किस्मत रंग लाई. पत्नी का चयन सिपाही के रूप में हो गया.

भगवान बचाए ऐसी भयंकर मैडम बीवी से

अब यहां से असली कहानी की शुरुआत होती है. जैसे ही पत्नी सिपाही बनी कुछ दिन तक तो सब कुछ ठीक ठाक चला. लेकिन फिर धीरे-धीरे वर्दी का रौब आखिर आने ही लगा और सबसे पहले यह रौब झाड़ा गया अपने ही पति पर. महिला सिपाही का उसका मजदूर पति अब भा नहीं रहा था. उसने उससे तलाक मांगना शुरू कर दिया. अब बेचारा पति तो समझ ही नहीं पा रहा था आखिर यह क्या हो गया...मैंने तो अपनी मेहनत में कोई कमी नहीं छोड़ी थी. फिर ये क्यों?



यह अजब-गजब मामला बेगूसराय जिला के साहेबपुर का है. यहां की रहने वाले राम विनय राय की पुत्री रोशनी की शादी बेगूसराय जिले के विजय कुमार से हुई थी. शादी के बाद से परिवार खुशहाल था. रोशनी की सास को मालूम था कि नई नवेली बहू को पढ़ने का शौक था उन्होंने मकई, गेहूं और धान बेचकर बहू को पढ़ाया, बेटे ने मेहनत मजदूरी कर जो भी कमाया बीवी की पढ़ाई में ही लगा दिया. लेकिन यही बहू सिपाही बनते ही सब कुछ भूल गई.ट्रेनिंग के दौरान ही आने पति-पत्नी के रिश्तों में दरार आना शुरू हो गई. लेकिन जैसे ही रोशनी की ट्रेनिंग पूरी हुई रिश्ता पूरी तरह से बदल गया वह अपने मजदूर पति से तलाक मांगने लगी. बात तो यहां तक बढ़ गई जब रोशनी ने तलाक मांगना शुरू कर दिया. रोशनी ने अपने पति से कहा कि तुम मुझे सीधे तरह से तलाक दे दो नहीं तो मैं तुम्हारी हत्या करवा दूंगी.ये मामला मीडिया में भी काफी चर्चित रहा है।

# स्व0 योगेश तिवारी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच की विजेता रही शैली सेवन

अल्मोड़ा। स्व योगेश तिवारी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच शैली सेवन और ब्लू बर्ड्स के बीच खेला गया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक उपस्थित रहे। इससे पहले एक मैत्री मैच मेडिकल सेवन और ओल्ड सेवन की बीच खेला गया। जिसमें ओल्ड सेवन को मेडिकल सेवन ने हराकर जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबले में शैली सेवन की टीम ने ब्लू बर्ड्स की टीम को 29 रनों से हराकर जीत दर्ज की। शैली सेवन की टीम ने दस ओवर में एक विकेट खोकर अस्सी रन बनाए।

वहीं ब्लू बर्डस की टीम मात्र इक्यावन रन बनाकर आउट हो गई और शैली सेवन ने 29 रनों से इस फ़ाइनल मैच को जीत लिया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने अपने संबोधन में युवाओं से अनुशासन में रहने की अपील की साथ ही उन्होंने उत्तराखंड के युवाओं से एवं समस्त खिलाड़ियों से नशे से दूर रहने का संकल्प लेने को कहा। इस मौके पर उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोद तिवारी, रोहित शैली, भुवन तिवारी, नितिन गुप्ता आदि उपस्थित थे। मैन ऑफ दि सिरीज़ और बेस्ट बैट्समैन लोकेश रावत रहे। बेस्ट बॉलर कुणाल शर्मा, बेस्ट फील्डर भानु शर्मा रहे। मैन ऑफ द मैच करन शैली रहे। कार्यक्रम में आयोजक मंडल से सौरभ वर्मा, रक्षित तिवारी,राजीव शैली,गौरव शैली, अभिषेक, करन शैली,कुनाल शैली रहे तथा संरक्षक भुवन तिवारी उपस्थित रहे।

## विधायक महरा ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ

अल्मोड़ा। गांधी इंटर कॉलेज पनुवानौला में जागनाथ महोत्सव का शुभारम्भ हो गया है। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जागनाथ महोत्सव का आयोजन पिरुल सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के बैनर तले क्षेत्र के युवाओं के सहयोग से किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक मोहन सिंह महरा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को अपनी धरोहर समझ कर कार्य करने तथा हमारी लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए। लोक संस्कृति ही हमारी आस्था है और हमें इस आस्था पर विश्वास करना चाहिए, उन्होंने इस कार्यक्रम के अध्यक्ष मनोज चम्याल एवं संरक्षक प्रेम सिंह बिष्ट की भी सराहना की और इस प्रकार के कार्यक्रम को कराने के लिए वह उनकी टीम के साथ पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में जितेन्द्र तोमक्याल, प्रियंका चम्याल, राकेश जोशी, हास्य कलाकार जीवन सिंह दानू ने अपनी कला के माध्यम से दर्शकों का मन मनोरंजन किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रकाश भट्ट, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश प्रसाद, गोपाल सिंह बिष्ट, मोहन सिंह सिंगवाल, दिनेश गैड़ा, दीवान राम, बलवंत गैंडा, जीवन सिंह, मधन सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजकों द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### बलिदान दिवस पर भाजपाईयों ने डा मुखर्जी को किया याद

नई टिहरी। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपाईयों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। रविवार को मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित गोष्ठी का उत्तराखंड राज्य उच्च शिक्षा उन्नयन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र भसीन ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण कर सभी ने उन्हें याद किया। भसीन ने कहा कि मुखर्जी एक बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी ही नहीं, एक महान शिक्षाविद्, देशभक्त, राजनेता, सांसद, अदम्य साहस के धनी व मानवतावादी थे। भारत के राष्ट्रवादी महापुरूष डॉ मुखर्जी के विचारों में संपूर्ण भारत दिखता था। वह इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर विभाजन नहीं होना चाहिए।

### जाजल-हिडसेरा सड़क ठीक करने की मांग की

नई टिहरी। भगद्वार विकास समिति बेरनी ने लोनिवि नरेंद्रनगर के ईई को पत्र लिखकर जाजल-हडिसेरा मोटर मार्ग के किमी एक और किमी 1.2 पर क्षतिग्रसत सड़क के उपचार की मांग उठाई है। पत्र में ईई को अवगत कराया गया है कि यह मोटर मार्ग अगस्त 2023 की भारी बारिश के कारण हेंवल नदी में बाढ़ आने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसका आज तक उपचार नहीं किया गया है। विभाग ने आश्वासन दिया था कि 5 जून के बाद इस सड़क का उपचार कर दिया जायेगा। इस मार्ग से क्षेत्र के लगभग 6 गांवों के दर्जनों वाहन गुजरते हैं। क्षतिग्रस्त स्थल पर सड़क इतनी संकरी है कि यहां पर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इसलिए विभाग इसे तत्काल ठीक करवायें, नहीं तो इस स्थल पर सड़क दुर्घटना के लिए विभाग जिम्मेदार होगा।

### राज्य आंदोलनकारियों की बैठक में पेंशन वृद्धि पर हुई चर्चा

नई टिहरी। रविवार को उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच टिहरी की एक बैठक मंच के जिलाध्यक्ष ज्योति प्रसाद भट्ट की अध्यक्षता में राज्य आंदोलनकारी शहीद स्मारक नई टिहरी में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। मंच की आयोजित बैठक में राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हीकरण व 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण को लेकर 30 जून को देहरादून में प्रदर्शन और सीएम आवास घेराव में शामिल होने का प्रस्ताव पारित किया गया। मुज्जफरनगर कांड में निशुल्क पैरोकारी करने वाले अधिवक्ताओं को देहरादून में सम्मानित करने वाले कार्यक्रम का समर्थन किया गया। नई टिहरी में राज्य आंदोलनकारी स्मारक के निर्माण को लेकर चर्चा की गई। प्रशासन की लंबित कार्रवाई में तेजी लाने पर विचार हुआ।

### खांड और तैला में सिचांई नहर क्षतिग्रस्त

नई टिहरी। चंबा ब्लॉक की धार-अकरिया पट्टी के ग्राम खांड और तैला के खेतों की सिंचाई करने वाली नहर बीते 3 साल से क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है। खांड और तैला के ग्रामीणों ने शनिवार को सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को दिए ज्ञापन में बताया कि सिंचाई नहर क्षतिग्रस्त होने से गांव के काश्तकार परेशान हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से नहर की मरम्मत कर उसमें पानी चलाने की मांग की है। ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह सजवाण ने बताया कि वह तीन सालों से लगातार शासन-प्रशासन को इस संबंध में कार्रवाई की गुहार लगा रहे हैं। लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। सिंचाई न होने से ग्रामीण धान, गेहूं सहित सब्जियों का उत्पादन नहीं कर पा रहे हैं। उत्पादन करने वाले खेत बंजर पड़े हैं। उन्होंने डीएम और प्रदेश के सिंचाई मंत्री से भी गांव का स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लेने की मांग की है। कहा कि अब जुलाई का माह आने वाला है। इस दौरान गांव में धान की रोपाई का सीजन शुरू होता है। चेतावनी दी कि यदि जुलाई के प्रथम सप्ताह तक नहर की मरम्मत नहीं की गई तो वह आंदोलन शुरू करेंगे।

### राम नाम के स्मरण से होता है कष्टों का नाशः संजय गौड

रुद्रप्रयाग। बडमा क्षेत्र के रामेश्वरम मंदिर तिमली में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के चौथे कथावाचक पं. संजय गौड ने कहा कि भगवान राम नाम के स्मरण से मनुष्यों के सभी कष्टों का हरण होगा। कलयुग में भगवान का स्मरण करना ही मोक्ष का द्वार भी माना गया है। कथा श्रवण के लिए दूर दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। श्रीराम कथा में भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए चौथे दिन कथावाचक पं. संजय गौड ने कहा कि भाग्य से ज्यादा बलवान कुछ नहीं है, सबसे बलवान हमारा भाग्य है। राम कथा जीवन में आदर्श बनना सीखाती है। राम को वनवास की कथा सुनकर रामभक्त भावुक हो गए। इस मौके पर आयोजक पं. द्वारिका प्रसाद गौड़, राजेंद्र रावत, स्वामी सोमेश्वर महाराज के साथ ही बडमा विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष कालीचरण रावत, मंदिर समिति के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह रावत, उपाध्यक्ष लाल सिंह नेगी, सच्चिदानंद सेमवाल, उमा सेमवाल सहित दूर दराज क्षेत्रों में बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

# लच्छीवाला नेचर पार्क, मौज मस्ती और मज़ा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




देहरादून 24 जून : हरे भरे साल के पेड़ों से घिरा ये है देहरादून में मौजूद लच्छीवाला नेचर पार्क जो पर्यटकों के लिए मौज-मस्ती का परफेक्ट डेस्टिनेशन है। गर्मियों में खासकर बच्चे हों या बड़े सभी लच्छीवाल का जमकर लुत्फ़ उठाते हैं। प्रकृति के नज़ारों के अलावा, पर्यटक यहाँ पानी के कुंडों में नहाने का मज़ा लेते हैं। आइये आपको इस कैंपस में ले चलते हैं जहाँ हरे-भरे जंगलों से घिरे छोटे-छोटे सीढ़ियों से चुपचाप गिरते पानी के विशाल कुंड आपके परिवार और दोस्तों के साथ शानदार समय बिताने का एक बेहतरीन मौक़ा बन सकते है।

लच्छीवाला मुख्य देहरादून शहर से लगभग 20 किलोमीटर दूर देहरादून-ऋषिकेश-हरिद्वार राजमार्ग पर स्थित है। आप अपने व्यस्त जीवन की भागदौड़ से दूर ठंडे पानी और साल के पेड़ों की छाया में कुछ समय बिताने का आनंद ले सकते हैं। लच्छीवाला में स्थित स्नानागार और कुंड सुसवा नदी के छोटे-छोटे आउटलेट हैं। यह नदी असन के पास स्थित स्रोत से निकलती है, जो देहरादून रोड पर असरोरी के पूर्व की ओर बहती है। ऐसा माना जाता है कि सुसवा नदी किसी अन्य नदी से मिलने के बाद सीधे गंगा में मिल जाती है। यही बात यहाँ के पानी को अनोखा बनाती है। यह एक प्राकृतिक जल पार्क है, जहां आप तैराकी, नौका विहार जैसी मनोरंजक वाटर स्पोर्ट्स का मज़ा ले सकते हैं। दोस्तों और परिवार के साथ घूमने के लिए लच्छीवाला एक परफेक्ट स्पॉट है।

सोमवार को छोड़कर सभी दिनों में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक लच्छीवाला जा सकते हैं। यहाँ का मौसम हमेशा सुहाना रहता है, लेकिन अगर आप ठंडक और आराम करना पसंद करते हैं तो गर्मियों के मौसम में इस जगह को देखना बहुत ही अच्छा रहेगा। गर्मियों के दौरान यहाँ के पूल सभी को शांत और आरामदेह समय प्रदान करते हैं। वयस्कों के लिए प्रवेश शुल्क 60 रुपये और बच्चों के लिए 30 रुपये है। तो इंतज़ार किसका है आज ही निकल पढ़िए देहरादून लच्छीवाला के इस रोमांचक नेचर पार्क की सैर करने .....

# अनोखी शादी ! चलती ट्रेन में सात जन्मों के लिए एक दूजे के हुए कपल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट 24 जून : लोग अपने प्यार को पाने के लिए क्या-क्या नहीं करते। कुछ तो अपने प्यार को इतने अनोखे तरीके से करने की सोचते हैं, जिसे देखकर इंसान दंग रह जाता है। हालांकि, ये उनके पार्टनर के प्रति दीवानगी ही है, जिसके चलते ऐसे लोग कुछ कर गुजरने के लिए तैयार रहते हैं। ऐसे में अगर बात शादी तक पहुंच जाए तो फिर सोने पर सुहागा हो जाता है।

हाल ही में ब्रिटेन के कपल ने कुछ ऐसा कर दिखाया है, जिसे देखने के बाद आपकी आंखें फटी की फटी रह जाएंगी।दरअसल, ब्रिटेन के रहने वाले एक कपल ने चलती ट्रेन में शादी कर ली है। इसके बाद से ये कपल ऐसा करने वाला ब्रिटेन का पहला कपल बन गया है। द सन की रिपोर्ट के मुताबिक, आठ साल पहले इस कपल ने ट्रेन में ही पहली डेट की थी, जिसके बाद अब इस कपल ने ट्रेन में ही शादी कर अपने नाम एक अनोखे रिकॉर्ड भी दर्ज कर लिया है। ब्रिटेन के रहने वाले इस कपल का नाम लिआ एंडरसन और विंस स्मिथ है, जो कि क्रमशः 38 व 39 साल के हैं।ये दोनों कपल ग्रेट वेस्टर्न रेलवे पर मिले थे, जिन्होंने एक सप्ताह पहले बीते शुक्रवार को लंदन से स्वानसी सेवा में शादी कर ली। जानकारी के मुताबिक, शादी का नाश्ता और शैंपेन टोस्ट सब कुछ चलती ट्रेन में ही रखे गए थे। उस दौरान इस ट्रेन की स्पीड की करीब 125 मील प्रति घंटे थी। ऐसे में इस रोमांटिक रेल यात्री की काफी तारीफ हो रही है और रेलवे भी कपल के इस कदम से काफी खुश है। यूके की रेलवे का मानना है कि भविष्य में ऐसा फिर से देखने को मिल सकता है।

# आखिर प्यार का रंग लाल क्यों होता है, मनोवैज्ञानिक कारण जानकर हैरान हो जाएंगे

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट 24 जून : दुनिया में कई रंग आखों को छूकर जाते हैं लेकिन क्या आपने कभी ये सोचा है कि जब भी प्यार की बात आती है तो लाल रंग ही क्यों पसंद किए जाते हैं. प्यार का जिक्र जब भी होता है लाल रंग ही ध्यान में आता है. प्यार के मामले में हर जगह केवल लाल रंग ही इस्तेमाल में लाए जाते हैं. लाल रंग प्यार का सिंबल की तरह है. लेकिन ऐसा क्यों है और इसके पीछे का मनोवैज्ञानिक कारण क्या है आइए जानते हैं।

प्यार और लाल रंग साथ साथ चलते हैं, हालांकि इसका नाता काफी पुराना है. लाल रंग प्यार का सिंबल सदियों से बना हुआ है. 13वीं शताब्दी की चर्चिक फ्रेंच कविता रोमन डे ला रोज में कहा गया है कि लेखक लाल रंग का फूल बागिचे में ढूंढ रहा है. इस कविता में लाल रंग का फूल का जिक्र होना उसके जीवन में स्त्री प्रेम को खोजने से संबंधित है. लाल रंग का संबंध प्रेम से भी है. लाल रंग शारीरिक आकर्षण से जुड़ा है। लाल रंग को ऊर्जा से भरपूर रंग माना गया है जाता है. ये रंग आकर्षण को भी बढ़ावा देता है. लाल रंग अगर आंखों के सामने आता है तो नजर को सुकून मिलता है. यह रंग इतना आकर्षण से भरा होता है कि एक बार उसकी तरफ आंखे जरूर जाती है. मनोवैज्ञानिक रूप से लाल रंग प्रेम के सिंबल के तौर पर देखा जाता है. इसके अलावा इंसान के शरीर में जो खून बह रहा है वो भी लाल रंग ही है. ये जीवन को भी दर्शाता है। इसके अलावा लाल रंग धार्मिक रूप से भी बहुत उपयोग में लाया जाता है. हिंदू धर्म में सौभाग्य का प्रतीक भी लाल रंग को माना गया है. हर शुभ कार्यक्रम में लाल रंग धारण किए जाते हैं. शादी में सुहाग के जोड़े भी लाल ही होते हैं. सिंदूर का रंग भी लाल होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक और नगदी लूटने के आरोप में आठ पर मुकदमा

रुद्रपुर। कुछ युवकों पर बाइक सवार दो युवकों को रास्ते में रोककर चाकू दिखाकर उनकी बाइक और नगदी लूटने का आरोप है। साथ ही मारपीट का भी आरोप है। शनिवार को पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिवनगर वार्ड नंबर आठ निवासी जय मंडल पुत्र खोकन मंडल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सात जून की रात 11 बजे वह अपने दोस्त आजाद नगर निवासी वेदप्रकाश पुत्र अरविंद मंडल का बर्थडे मनाकर उसके साथ बाइक से अपने घर आ रहा था। इस दौरान वह श्मशान घाट रोड के पास पहुंचे। आरोप है कि यहां गौरव, शिप्पी, अंकित, देव, अमित, दीपक, सागर और कोहली ने उनकी बाइक को रोककर उन्हें घेर लिया। आरोप है कि इसके बाद उन्होंने चाकू दिखाकर उसकी बाइक और वेदप्रकाश के जेब में रखे 3500 रुपये छीन लिये। उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया और दोनों के साथ मारपीट भी की। किसी तरह मौके से भागकर दोनों ने अपनी जान बचाई। मारपीट की वजह से उसके हाथ-पैर और वेदप्रकाश के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पूनम हत्याकांड : पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। पूनम हत्याकांड में पुलिस ने पूनम की मां की तहरीर पर उसके पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। शनिवार को पूनम का शव उसकी ननद के घर से रक्त रंजित अवस्था में मिला था। मौके से आरोपी पति को हिरासत में लिया गया था, जिसे देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। शनिवार देर शाम पूनम की मां मुन्नी पत्नी सुखलाल निवासी महतोष मोड़ गदरपुर ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री पूनम उर्फ मीरा की शादी अशोक पुत्र कन्हई निवासी ग्राम लक्ष्मी विहार कॉलोनी आजाद नगर किच्छा के साथ आठ वर्ष पहले हुई थी। पूनम की पुत्री माही छह वर्ष और पुत्र दक्षु ढाई वर्ष का है। मुन्नी देवी ने आरोप लगाया कि उसकी पुत्री पूनम व अशोक में अक्सर कहासुनी और मारपीट होती रहती थी। अशोक पूनम पर हमेशा शक करता रहता था। उसने एक महीने पहले मारपीट कर पूनम को घर से निकाल दिया था। वह तब से मायके में रह रही थी। 18 जून को अशोक ससुराल आया था। वह ससुराल वालों को ठीक से रहने का भरोसा देकर पूनम को अपने साथ ले गया था। इसके बाद अशोक अपने बहनोई तेजपाल के घर मंड फार्म किच्छा में रह रहा था। आरोप है कि शनिवार को अशोक ने पूनम को गला रेतकर मार डाला। एसएसआई विनोद जोशी ने बताया कि मृतका पूनम की मां की तहरीर पर शनिवार देर रात आरोपी पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मौके से हिरासत में लिए गए आरोपी अशोक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### मानसिक तनाव होने पर पहल एप की लें मदद

पिथौरागढ़। नगर में होमगार्ड जवानों के मानसिक, भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए पहल एप कार्यशाला का आयोजन हुआ। भाटकोट स्थित बारात घर में जिला कमाण्डेंट रवीन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला के दौरान मनोचिकित्सक डॉ. डायना चेरियन ने होमगार्ड जवानों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शारीरिक तौर पर स्वस्थ रहने के साथ ही मानसिक तौर पर भी स्वयं को तंदरुस्त रखना बेहद जरूरी है। जिला कमाण्डेंट रवीन्द्र ने कहा कि डायरेक्टर जनरल होमगार्ड्स केवल खुराना के निदेशन में प्रदेश भर में इस तरह की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। उन्होंने जवानों को पहल एप के बारे में भी बताते हुए कहा कि मानसिक तनाव होने पर इस एप के माध्यम से ऑनलाइन सेशन भी वह निःशुल्क बुक करा सकते हैं।

### नीट परीक्षा धांधली सरकार की नाकामी

पिथौरागढ़। बेरोजगार संगठन ने नीट परीक्षा में धांधली का मामला सामने आने पर सरकार पर सवाल उठाए हैं। रविवार को संगठन के संरक्षक चंचल बोरा ने बयान जारी कर कहा कि नीट परीक्षा में धांधली होना सरकार की नाकामी है। उन्होंने इसे छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ भी बताया। कहा कि छात्र-छात्राएं परीक्षा को लेकर सालभर मेहनत करते हैं, लेकिन जब परिणाम जारी होता है तो धांधली की बात सामने आती है। कहा कि इससे उनका समय तो बर्बाद होता ही है साथ ही उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। कहा कि सीमांत के कई बच्चों ने परीक्षा के लिए द्वाराहाट सहित अन्य मैदानी क्षेत्रों में बनाए गए केंद्रों की आवाजाही की। इसके लिए उन्हें तीन से चार हजार रुपये तक खर्च करने पड़े। बोरा ने कहा कि जब सरकार एक परीक्षा नहीं करा पा रही है तो केंद्रीय शिक्षा मंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

रानीधारा मार्ग सुधारीकरण की मांग को दूसरे दिन भी जारी रहा धरना---------------------------------------alm 01

अल्मोड़ा। रानीधारा लिंक रोड के सुधारीकरण को लेकर शुरू हुआ अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। धरने के द्वितीय दिवस में रानीधारा क्षेत्र के निवासियों को अल्मोड़ा के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों का भी समर्थन मिला। धरनास्थल पर पहुंचे वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से इस रोड का निर्माण न होना जनप्रतिनिधियों की जनता के प्रति उदासीनता व प्रदेश में पूर्ण रूप से हावी हो चुकी नौकरशाही का जीता जागता उदाहरण है। विभिन्न स्कूलों को जोड़ने वाला यह मार्ग जिसमें स्कूली बच्चे रोजमर्रा में स्कूल जाने के लिए प्रयोग करते हैं, बद से बदतर हो चुका है, जो बरसात में बड़ी आपदा को दावत दे रहा है। धरने के दूसरे दिन रिटायर्ड प्रोफेसरों, और स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों ने भी शिरकत की। रविवार को धरने में सयोजक विनय किरौला, डॉ सैयद अली हामिद, डॉ एस एस पथनी, महेंद्र सिंह गैड़ा, नवीन भट्ट, रोहित पंत, संदीप द्रमवाल, दीप चंद्र बिष्ट, शम्भू दत्त बिष्ट, हेम चंद्र सिराडी, दीपा बिष्ट, बीना पंत, नीमा पंत सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन अल्मोड़ा हरेला पर्व पर करेगा वृक्षारोपण

अल्मोड़ा। उत्तराखंड स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन अल्मोड़ा की एक बैठक गांधी पार्क अल्मोड़ा में आयोजित की गई। बैठक में प्रांतीय संगठन के महासचिव स्व भद्र सिंह नेगी एवं प्रांतीय अध्यक्ष स्व मयंक शर्मा के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि विगत वर्षों की भांति 09 अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संगठन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान यात्रा का आयोजन करेगा। यात्रा में अल्मोड़ा के सभी सामाजिक, राजनीतिक और स्वयंसेवी संस्थाओं को साथ लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष सेनानी सम्मान यात्रा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गोविंद बल्लभ पंत पार्क से गांधी पार्क अल्मोड़ा तक आयोजित की जाएगी। साथ ही यह भी तय किया गया कि आगामी माह हरेला पर्व के दिन संगठन अपने स्तर से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करेगा और पर्यावरण संतुलन में अपना योगदान देगा। बैठक का संचालन जनपद अध्यक्ष कमलेश पांडे ने किया तथा अध्यक्षता संगठन के संरक्षक ताराचंद शाह ने की। बैठक में संगठन के उपाध्यक्ष पुष्कर प्रसाद पांडे, सचिव भरत पांडे, शिवेंद्र गोस्वामी, कैलाश वर्मा, बद्री दत्त पांडे, विनय कुमार पांडे, किशनचंद जोशी आदि उपस्थित रहे।

# उपचुनाव में इंडिया गठबंधन, सिविल सोसाइटी का कांग्रेस को समर्थन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून । बदरीनाथ, मंगलौर विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन और सिविल सोसाइटी ने कांग्रेस प्रत्याशियों को अपना समर्थन दिया। सभी ने कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प लिया। मजबूती से चुनाव लड़ने पर जोर दिया। कांग्रेस भवन में हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठनबंधन ने संयुक्त रूप से बेहतर प्रदर्शन किया। बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा उपचुनाव में भी मजबूती से लड़ा जाएगा। संयुक्त रूप से एकजुटता के साथ चुनाव लड़कर भाजपा की विघटनकारी नीतियों के खिलाफ जीत दर्ज की जाएगी। कांग्रेस ने स्वच्छ छवि के जमीनी कार्यकर्ताओं को अपना प्रत्याशी बनाया है।

कांग्रेस के दोनों प्रत्याशियों का इतिहास जनता के लिए संघर्ष का रहा है। दूसरी ओर भाजपा के प्रत्याशी अपनी मूल विचारधारा के खिलाफ वाले हैं। कहा कि लोकसभा चुनाव में भले ही कांग्रेस को जीत नहीं मिल पाई, लेकिन कांग्रेस का वोट प्रतिशत काफी बढ़ा है। कांग्रेस पिछले चुनाव की हार के अंतर को कम करने में कामयाब रही है। भाजपा ने अपना जनाधार खोया है। उपचुनाव में अब कांग्रेस बड़े अंतर से जीत दर्ज करेगी।

सीपीआई के नेशनल काउंसिल मेंबर समर भंडारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य एकजुटता के साथ उपचुनाव में भाजपा को हराना है। सीपीआई माले के प्रदेश सचिव इन्द्रेश मैखुरी ने कहा कि उपचुनाव में गठबंधन धर्म का पालन करते हुए जीत का प्रयास किया जाएगा।


इंसानियत मंच के रवि चोपड़ा ने कहा कि भाजपा की जन विरोधी, गरीब विरोधी, बेरोजगार नौजवान विरोधी नीतियों को जनता तक पहुंचाना है। सपा के राष्ट्रीय सचिव एसएन सचान ने कहा कि हमें संयुक्त रूप से जमीनी स्तर पर प्रयास करने होंगे। बैठक में भारत जोड़ो अभियान के उत्तराखण्ड संयोजक भुवन पाठक, महिला मंच की प्रदेश अध्यक्ष निर्मला बिष्ट, किसान सभा के सुरेन्द्र सजवाण, आनन्द रावत, शीशपाल सिंह बिष्ट, त्रिलोचन भट्ट, नन्दिनी आर्य, शंकर गोपाल मौजूद रहे।

**गठबंधन की मंगलौर, गोपेश्वर में होगी बैठक** : बैठक में तय हुआ कि नन्दिनी आर्य उपचुनाव में गठबन्धन एवं सिविल सोइटी की सोशल मीडिया इंचार्ज होंगी। गठबन्धन की अगली बैठक 29 जून को मंगलौर और एक जुलाई को गोपेश्वर में होगी।

## हेमवतीनंदन बहुगुणा स्टेडियम में दो दिवसीय बैडमिंटन प्रशिक्षण सत्र संपन्न

अल्मोड़ा। जिला बैडमिंटन संघ एवं खेल विभाग अल्मोड़ा के संयुक्त तत्वावधान में हेमवतीनंदन बहुगुणा स्टेडियम अल्मोड़ा में दो दिवसीय बैडमिंटन प्रशिक्षण सत्र रविवार को संपन्न हुआ। 22, 23 जून आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी बेंगलुरु में बैडमिंटन कोच के रूप में कार्य कर रहे अल्मोड़ा के लोकेश नेगी, मस्कट ओमान में बैडमिंटन कोच व फिजिकल एजुकेशन ट्रेनर आशुतोष पंत ने बैडमिंटन खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां सिखाई। अल्मोड़ा बैडमिंटन कोच जीवन सिंह बोरा ने इस शिविर में विशेष सहयोग दिया। प्रशिक्षण सत्र में जिला बैडमिंटन संघ सचिव डॉ संतोष बिष्ट ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर उत्तराखंड बैडमिंटन संघ के महासचिव बीएस मनकोटी, कोषाध्यक्ष राम अवतार, जिला क्रीड़ा अधिकारी अरूण बंग्याल, पीएस सांगा, अतुल जोशी, जिला बैडमिंटन संघ के उपाध्यक्ष राकेश जायसवाल, उपाध्यक्ष प्रशासनिक गोकुल मेहता, जिला मीडिया प्रभारी डीके जोशी आदि ने शामिल रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया व आगामी स्टेट टूर्नामेंट्स हेतु शुभकामनाएं दी।

## संपादकीय



### अराजक सदन के आसार

आज 18वीं लोकसभा का आगाज है। पहले दो दिन, 24-25 जून, सभी नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि मेहताब सांसदों को शपथ दिलाएंगे। भर्तृहरि लगातार 7वीं बार लोकसभा सांसद निर्वाचित हुए हैं, लिहाजा अजेय और वरिष्ठतम हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति अस्थायी होती है, जब तक सदन अपना स्पीकर नहीं चुन लेता। कांग्रेस ने इस पर भी एक छद्म और चालाक राजनीति खेली है और केरल के कांग्रेस सांसद के. सुरेश को वरिष्ठतम करार दिया है। बेशक सुरेश कुल 8 बार के सांसद हैं, लेकिन उनमें निरंतरता नहीं है। वह 1998-2004 के दौरान पराजित भी हुए थे। लोकसभा के नियमानुसार उनका कार्यकाल चार बार की सांसदी के समान बनता है, लिहाजा वरिष्ठतम तो भर्तृहरि मेहताब ही हैं। वह पहले बीजद सांसद थे, लेकिन इस बार भाजपा सांसद हैं। बहरहाल 26 जून को सदन में हंगामा हो सकता है, क्योंकि यह तय है कि स्पीकर सत्ता पक्ष, यानी एनडीए, का होगा और सरकार विपक्ष को डिप्टी स्पीकर की पेशकश करने को भी तैयार नहीं है। संभव है कि वह पद एनडीए के सहयोगी दल के सांसद को दिया जाएगा। तेलुगूदेशम पार्टी के ज्यादा आसार हैं, क्योंकि जद-यू को राज्यसभा में उप सभापति का पद पहले से ही दिया हुआ है। इन स्थितियों में विपक्ष स्पीकर के चुनाव में कूद सकता है। यदि स्पीकर के चुनाव की नौबत आई, तो यह संवैधानिक भारत में पहली बार होगा। अभी तक स्पीकर सर्वसम्मति से चुने जाते रहे हैं। दरअसल विपक्ष 18वीं लोकसभा में अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में है। यदि 'इंडिया' को एकजुट गठबंधन मान लिया जाए, तो उसके 234 सांसद बनते हैं। इसमें ममता बनर्जी की 'तृणमूल कांग्रेस' के 29 सांसद भी शामिल हैं। हालांकि यह समग्र आंकड़ा अकेली भाजपा के 240 और एनडीए के 293 सांसदों से बहुत कम है, लेकिन इस बार सदन में अराजकता और हंगामों के आसार पुख्ता लग रहे हैं। सरकार की लगातार घेराबंदी इसलिए भी की जाएगी, क्योंकि कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी मानते हैं कि आम चुनाव, 2024 का जनादेश प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को नहीं मिला है। यह अवैध और अल्पमत की सरकार है, एनडीए के कुछ सदस्य हमारे संपर्क में हैं, लिहाजा छोटी-सी गड़बड़ी से ही सरकार गिर सकती है। राहुल ने यह निजी टिप्पणी भी की है कि प्रधानमंत्री की छाती 56 इंच के बजाय 30-32 इंच की रह गई है। प्रधानमंत्री मानसिक और मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के बारे में भय और खौफ की जो धारणा थी, वह भी खत्म हो चुकी है। अब कोई भी उनसे नहीं डरता, लिहाजा इस बार प्रधानमंत्री पद पर काम करना आसान नहीं होगा। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। राहुल के अलावा, कांग्रेस के प्रवक्ता और विपक्ष के नेता देश के प्रधानमंत्री को 'झूठा', 'मक्कार', 'फासीवादी' आदि अपशब्दों से अपमानित कर रहे हैं। सवाल है कि संविधान और लोकतंत्र की भाषा में जनादेश किसे कहते हैं? आम चुनाव का जनादेश क्या है? मोदी सरकार को अल्पमत, असंवैधानिक सरकार संविधान के किस हिस्से के आधार पर कहा जा सकता है? नई लोकसभा में 27 जून को राष्ट्रपति मुर्मू दोनों सदनों की साझा बैठक को संबोधित करेंगी और सरकार का एजेंडा स्पष्ट करेंगी।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## आवास में मृत मिला भेलकर्मी

हरिद्वार। भेल कैंपस में एक भेलकर्मी अपने आवास में मृत अवस्था में मिले। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान अमित कुमार पुत्र बलदेव सिंह, निवासी टाइप दो, सेक्टर तीन के रूप में हुई। कोतवाली प्रभारी के अनुसार मृतक का परिवार पिछले एक माह से अपने पैतृक घर गया हुआ है। शनिवार को पड़ोसी परिवार ने उसे देखा था। रविवार सुबह उसके घर से न निकलने पर पड़ोसी परिवार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो देखा कि भेलकर्मी अपनी रसोई में मृत अवस्था में पड़े थे। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह सामने आएगी।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

हरिद्वार। भाजपा सप्तऋषि मंडल में रविवार को जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया। इस मौके पर भाजपाइयों ने खड़खड़ी में विचार गोष्ठी आयोजित की। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष बृजभूषण विद्यार्थी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। उन्होंने बताया कि मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को एक संभ्रांत परिवार में हुआ था। उनके पिता आशुतोष बाबू अपने जमाने के प्रख्यात शिक्षाविद् थे। मुखर्जी ने 24 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय में सीनेट के सदस्य बने। उनका ध्यान गणित की ओर था।

इसके अध्ययन के लिए वे विदेश गए तथा वहां पर लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी ने उनको सम्मानित सदस्य बनाया। वहां से लौटने के बाद डॉ. मुखर्जी ने वकालत तथा विश्वविद्यालय की सेवा में कार्यरत हो गए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने कर्मक्षेत्र के रूप में 1939 से राजनीति में भाग लिया और आजीवन इसी में लगे रहे। उन्होंने गांधीजी व कांग्रेस की नीति का विरोध किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष तरुण नैय्यर ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने चितरंजन में रेल इंजन का कारखाना, विशाखापट्टनम में जहाज बनाने का कारखाना और बिहार में खाद का कारखाना स्थापित करवाया। इस मौके पर भाजयुमो के प्रदेश मंत्री दीपांशु विद्यार्थी, सुरेश अग्रवाल, मंडल महामंत्री देवेश ममगाईं, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मुकेश पुरी, महिला मोर्चा महामंत्री प्रीति गौड़, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकुश भाटिया, सुमित अग्रवाल, मोनिका धीमान, ओंकार तिवारी, आयुष सती, ईश्वर चंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### शत्रु संपत्ति बेचने के नाम पर दो करोड़ की धोखाधड़ी

हरिद्वार। क्षेत्र के गांव जगजीतपुर निवासी पेशे से प्रॉपर्टी डीलर अपूर्व वालिया पुत्र प्रमोद वालिया ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि किराना कारोबारी रामप्रकाश निवासी मोहल्ला होली ने मातृ सदन आश्रम के पास एक भूमि को अपना बताया था। जानकारी दी थी कि भूमि उसकी पत्नी रेणू गोयल के नाम पर है। आरोप है कि दंपति ने उसे 23 मई 2022 को भूमि विक्रय कर दी और उसने अलग अलग बैंक खाते में उसे दो करोड़ रुपये की रकम अदा कर दी। आरोप है कि उसे कुछ समय बाद पता चला कि उसे बेची गई संपत्ति शत्रु संपत्ति है।

### किराएदारों का सत्यपान कराने की मांग

हरिद्वार। महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शहर में विशेषकर हरकी पैड़ी के पास उतरी हरिद्वार के घाटों, पार्किंगों के आसपास सत्यपान अभियान चलाने की मांग की। सेठी ने कहा कि विगत दिवस जिस पर एक कबाड़ी द्वारा हत्या की गई, उससे जनता में भय का माहौल है। ऐसे असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। चंद पैसे के लालच में कुछ व्यक्तियों द्वारा बिना सत्यापन के किरायेदार रखे जाते है। हरकी पैड़ी के आसपास असामाजिक तत्वों की भरमार है, जो नशे में श्रद्धालुओं के साथ अभद्रता भी करते है। रोजाना की ऐसी घटनाएं आम हो गई है। मांग करने वालों में भूदेव शर्मा, धर्मपाल सिंह, एसएन तिवारी, अनिल कोरी, दीपक कुमार, नाथीराम सैनी, जितेंद्र चौरसिया, सुनील मनोचा, सोनू चौधरी, पंकज माटा, प्रीत कमल सारस्वत आदि शामिल हैं।

### वरिष्ठ नागरिकों ने भेल मध्य मार्ग पर टैक्स समाप्त करने की मांग की

हरिद्वार। संगठन के अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह ने बताया कि भेल मध्य मार्ग पर चलने के लिए ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा को चार हजार रुपये वार्षिक और स्कूल बस को 8500 रुपये वार्षिक टैक्स देना पड़ रहा है। यह टैक्स जब रोशनाबाद कार्यालय बना था, उत्तर प्रदेश सरकार ने जमा कर दिया था। इस टैक्स को समाप्त किया जाना चाहिए। बताया कि संपदा विभाग की ओर से रखे गए निजी सिक्योरिटी गार्ड स्थानीय चौपहिया वाहनों की चेकिंग के नाम पर अनावश्यक ताक झांक करते हैं।

### कांवड़ यात्रा के लिए नगर निगम ने 2.70 करोड़ मांगे

हरिद्वार। जुलाई में शुरु होने वाली श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी कांवड़ यात्रा को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक भी ले चुके हैं। कांवड़ की तैयारियों को लेकर खर्च होने वाले बजट का ब्योरा संबंधित विभागों से मांगा गया था। नगर निगम ने कांवड़ यात्रा के दौरान साफ सफाई, शौचालय, कीटनाशक दवाओं के छिड़काव जैसी व्यवस्था के लिए अनुमानिक बजट तैयार कर दिया है। नगर निगम के स्वास्थ्य अनुभाग ने 2.35 करोड़ रुपये की मांग का बजट तैयार किया है।

### चाय विक्रेता की हत्या करने वाला कबाड़ी गिरफ्तार

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार में चाय विक्रेता की हत्या का खुलासा शहर कोतवाली पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर करते हुए आरोपी कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी से छेड़छाड़ करने पर ही कबाड़ी ने चाय विक्रेता की हत्या की थी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। शनिवार सुबह भूमा निकेतन आश्रम के ठीक सामने पेशे से चाय विक्रेता रमेश गुप्ता, निवासी लखीमपुर खीरी यूपी का खून से लथपथ शव मिला था। सामने आया था कि चाय विक्रेता की एक कबाड़ी ने धारदार हथियार से हमला कर हत्या की है। शहर कोतवाली पुलिस ने इस संबंध में मनीष कुमार पुत्र कृष्ण पाल, निवासी गंगोह सहारनपुर यूपी की तरफ से कबाड़ी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपी को रविवार सुबह मोतीचूर रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी दीपक यादव पुत्र शंकर सिंह निवासी गांव हडिया इलाहाबाद यूपी ने कबूला कि सुबह के वक्त कूड़ा बीनते हुए रमेश गुप्ता ने उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ कर दी थी। वह भी उसके साथ ही कूड़ा बीन रही थी। इसी बात को लेकर उसने चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के परिवार के संबंध में जानकारी नहीं मिल सकी है। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में एसएसआई सतेंद्र बुटोला, एसआई संजीत कंडारी, एसआई शैलेंद्र ममगाईं, हेड कांस्टेबल संजय और मनविंदर शामिल रहे।

### हाईवे के एक और जाम, दूसरी तरफ आराम से जाते रहे वाहन

हरिद्वार। रविवार को वीकेंड के चलते धर्मनगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने से यातायात का दबाव बढ़ गया, जिससे हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। जाम हरिद्वार से ऋषिकेश की ओर जाने वाले हाईवे पर रहा, जबकि वापसी मार्ग पर कोई जाम नहीं था। हरिद्वार आने वाली साइड में वाहनों का अधिक दबाव बना रहा, जिससे बार-बार जाम लगता रहा। शाम होते-होते वाहनों की संख्या और बढ़ गई। देहरादून-दिल्ली हाईवे पर शंकराचार्य चौक से लेकर पंतद्वीप पार्किंग तक हरिद्वार आने वाली साइड पर वाहनों की कतारें लगी रही। ऐसे में वाहन रेंग-रेंगकर चलते रहे, जिससे गर्मी में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।

### युवक पर चाकू से हमला कर घायल किया


हरिद्वार। कनखल क्षेत्र में एसी मैकेनिक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया गया। हालत गंभीर होने पर उसे एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। पुलिस को दी गई शिकायत में नीरज चौधरी, निवासी शिवपुरी कॉलोनी गली नंबर-तीन जगजीतपुर ने बताया कि वह पेशे से एसपी की रिपेयरिंग का कार्य करता है। 21 जून की देर रात वह अपने साथी सोनू और जितेंद्र रावत के साथ काम कर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह शराब के ठेके के पास पहुंचा वहां मौजूद लक्की और विशाल सैनी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। आरोप लगाया कि उसे लाठी-डंडों से पीटा गया। बीच बचाव करने पर सोनू पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। भीड़ के एकत्र होने पर आरोपी फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बहादराबाद में महिला से फक्कड़ ने चेन लूटी

हरिद्वार। पुलिस के मुताबिक रवि कुमार निवासी जयपुर मुरलीपुरा यादव नगर ने थाना बहादराबाद में तहरीर देकर बताया कि वह कार से अपने परिवार के साथ हरिद्वार स्नान करके शुक्रवार को वापस अपने घर लौट रहा था, जब वह बहादराबाद पुल के पास पहुंचे तो उसके बच्चे का स्वास्थ्य खराब होने पर कार को रोक लिया। उसी समय सड़क के किनारे खड़े एक साधु वेषधारी ने उसकी पत्नी के गले से चेन झपट ली और फरार हो गया। उन्होंने उसकी तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। एसओ नरेश राठौड़ ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

# देहरादून रोजगार मेले में दी जायेंगी 1300 से भी ज्यादा नौकरियां

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 24 जून : देहरादून सेवायोजन कार्यालय में अगले माह 12 जुलाई 2024 को रोजगार मेला लगने जा रहा है, इसमें लगभग 1310 से ज्यादा पदों पर युवाओं का चयन किया जाएगा। इसमें 18 से 40 वर्ष तक के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं और न्यूनतम वेतन 10 हजार से लेकर 50 हजार तक होगा।

रोजगार मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को सेवायोजन कार्यालय में प्री रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य हैउत्तराखंड में करीब 50 निजी कंपनियां हैं जो हॉस्पिटैलिटी, फार्मास्यूटिकल, सर्विस, बीपीओ, बैंकिंग, सेल्स एंड मार्केटिंग और सिक्योरिटी आदि क्षेत्र में काम कर रही हैं। यदि आप किसी रोजगार की तलाश में हैं तो आपके लिए यह अच्छा मौका है, आप अगर इनमें से किसी भी एक क्षेत्र में कार्य करने की दिलचस्पी रखते हो तो अगले महीने होने वाले रोजगार मेले में शामिल होकर यहाँ नौकरी पा सकते हो। देहरादून सर्वे चौक स्थित सेवायोजन कार्यालय में 12 जुलाई से रोजगार मेला लगने वाला है जिसमें विभिन्न कंपनियां अलग-अलग पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेगी, इसके लिए आपको सबसे पहले प्री रजिस्ट्रेशन करवाना होगा रोजगार मेले के सम्बन्ध में देहरादून सेवायोजन कार्यालय ने सूचना जारी कर दी है, इच्छुक अभ्यर्थियों को सबसे पहले प्री रजिस्ट्रेशन करवाना होगा, जो कि 19 जून सुबह 10 बजे से शुरू हो चुके हैं और फिर 12 जुलाई 2024 को सुबह 10 बजे से बेरोजगारों के लिए एक बड़े रोजगार मेले का आयोजन शुरू हो जाएगा। इसमें क्लर्क, डाटा एंट्री ऑपरेटर से लेकर कई बड़े पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। प्री रजिस्ट्रेशन के लिए आपको अनिवार्य रूप से सभी मूल प्रमाण पत्र, बायोडाटा और उनकी फोटोकॉपी, पासपोर्ट साइज फोटो, एंप्लॉयमेंट रजिस्ट्रेशन कार्ड और आईडी प्रूफ लाना जरूरी है।रोजगार मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 40 वर्ष होनी चाहिए।

इन पदों के लिए न्यूनतम वेतन 10,000 से 50,000 तक योग्यता के अनुसार हो सकते हैं। अभ्यर्थी को शैक्षिक योग्यता और अनुभव के आधार पर सम्बंधित पद के लिए प्री रजिस्ट्रेशन करना है। रोजगार मेले के तहत लगने वाली नौकरी की लोकेशन राज्य में कहीं भी हो सकती है।

क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी अजय सिंह ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया है कि लोकसभा चुनाव के चलते सभी रोजगार मेले बाधित थे, क्यूंकि अब आचार संहिता हट चुकी है तो एक बड़े स्तर पर रोजगार मेला देहरादून में लगाया जा रहा है, प्रदेश के बेरोजगार युवा इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं। नौकरी से संबंधित सभी जानकारी अभ्यर्थी रोजगार प्रयाग पोर्टल rojgarprayag.uk.gov.in पर जाकर job fair के ऑप्शन में देख सकते हैं।

## फुटबॉल में उत्तराखंड उत्तर प्रदेश की जीत

देहरादून। अंडर-17 नेशनल आईपीएस सी सुब्रतो मुखर्जी इंटरनेशनल क्वालीफाई फुटबाल चैंपियनशिप में उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश ने अपने-अपने मुकाबले जीते। सेलाकुई वर्ल्ड स्कूल के फुटबाल ग्राउंड में रविवार को चार मुकाबले खेले गए। पहला मैच जिनिसिस ग्लोबल स्कूल गुडगांव उत्तर प्रदेश और पीपीएस नाभा हिमाचल प्रदेश के बीच खेला गया, यूपी ने 12 -0 के अंतर से एकतरफा जीत हासिल की। दूसरे मैच में द डेली कॉलेज इंदौर मध्यप्रदेश और सेलाक़ुई इंटरनेशनल स्कूल देहरादून उत्तराखंड मैदान में उतरे। इसमें उत्तराखंड 1-0 के अंतर से जीत दर्ज की। तीसरे मैच में एमेराल्ड हाइट्स स्कूल इंदौर मध्य प्रदेश ने द हैदराबाद पब्लिक स्कूल आंध्र प्रदेश को 3-1, चौथे मैच में पाइनग्रो स्कूल सोलन हिमाचल प्रदेश ने द लॉरेंस स्कूल सनावर हिमाचल को 5-1 के अंतर से शिकस्त दी। सेलाकुई स्कूल के हेड ऑफ स्पोर्ट्स कवलजीत सिंह ने बताया की टूर्नामेंट के बेहतरीन 36 खिलाड़ियों के नाम एसजीएफआई को नेशनल टीम के चयन के लिए भेजे जाएंगे। प्रतियोगिता में देश के 12 स्कूलों की टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। मौके पर रेफरी डा. विरेंद्र सिंह रावत, रेफरी प्रवीन रावत, सुरेंद्र सिंह रावत, योगेंद्र सिंह पटवाल, अमन जखमोला, अमित कांत टम्टा, विमल रावत, रोशन आदि मौजूद थे।

## राजकीयकरण की प्रक्रिया में तेजी लाए सरकार

देहरादून। पेयजल एजेंसियों को राजकीय विभाग बनाए जाने की मांग को लेकर जल निगम जल संस्थान संयुक्त मोर्चा ने ट्रेजरी सिस्टम पर भी जोर दिया। मोर्चा संयोजक रमेश बिंजौला ने साफ किया कि आंदोलन सिर्फ स्थगित किया गया है, न की समाप्त किया गया है। जल निगम और जल संस्थान के कर्मचारी पेयजल के राजकीयकरण और राजकीयकरण होने तक ट्रेजरी से वेतन, पेंशन भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने पर जोर दे रहे हैं। ट्रेजरी सिस्टम पर जल निगम की ओर से पहले ही हामी भर दी गई थी, लेकिन जल संस्थान को इस पर आपत्ति थी। अब कर्मचारियों के दबाव में जल संस्थान ने भी प्रस्ताव भेज दिया है। जल संस्थान के इसी प्रस्ताव के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल से कदम पीछे खींचे थे। संयोजक रमेश बिंजौला और विजय खाली ने कहा कि सरकार को पूरा समय दिया जा रहा है। ताकि पेयजल का राजकीयकरण के साथ ट्रेजरी से वेतन, पेंशन भुगतान की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। शासन को दोनों पेयजल एजेंसियों के प्रस्ताव मिल चुके हैं। ऐसे में शासन स्तर से तत्काल ट्रेजरी से वेतन, पेंशन भुगतान किए जाने के आदेश किए जाएं।

## भाजपा कार्यकर्ताओ ने मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की

देहरादून। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिलक लाइब्रेरी प्रांगण में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। देश की एकता व अखंडता के लिए किए गये कार्यों को याद किया। तिलक लाइब्रेरी प्रांगण में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश रावत ने कहा कि डा. मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता के लिए कार्य किया व कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करने के लिए संघर्ष किया। डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मसूरी मंडल ने गजियावाला में बूथ लेवल पर एक वृक्ष मां के नाम पर शुरू किया गया है जिसका समापन हरेला दिवस पर मसूरी में होगा। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष ओपी उनियाल, मंडल उपाध्यक्ष अरविंद सेमवाल, सतीश ढौडियाल, राकेश अग्रवाल, मदन मोहन शर्मा, राकेश ठाकुर, विजय बिंदवाल, बिजेंदर भंडारी, अभिलाष, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हल्द्वानी में पेपर लीक पर फूटा गुस्सा

हल्द्वानी। परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछास) ने नीट और यूजीसी नेट पेपर में हुई धांधली के विरोध में रविवार को हल्द्वानी में केंद्रीय शिक्षा मंत्री और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) का पुतला फूंककर प्रदर्शन किया। बुद्ध पार्क तिकोनिया में सभाकर छात्र संगठन ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। युवाओं ने कहा कि बीते कुछ सालों में परीक्षाओं में लगातार धांधली हो रही है। परीक्षा से पहले या तो पेपर लीक हो जा रहे हैं, या परीक्षा में अपनों को नौकरी दिलाई जा रही है। नीट और यूजीसी की नेट की परीक्षा में भी धांधली से छात्र बेहद आहत हैं।

## डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी भावभीनी श्रद्धाजंलि

देहरादून। काबीना मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के बड़ोवाला में एक निजी वेडिंग प्वाइंट में भाजपा जिला देहरादून ग्रामीण द्वारा भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं राजनीतिक चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को स्मृति दिवस पर याद किया। इस उपलक्ष में हुई विचार गोष्ठी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गणेश जोशी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता को समर्पित रहा। डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजली देते हुए उन्होंने कहा कि डॉ.मुखर्जी ने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। अखंड भारत के लिए कश्मीर को देश की मुख्यधारा में लाना चाहते थे। एक निशान, एक विधान और एक प्रधान पर उनकी स्पष्ट राय थी। वे महान विचारक दार्शनिक के साथ ही एक महान शिक्षक और राष्ट्रभक्त थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पद चिन्हों पर चलते हुए केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर एक देश में एक निशान एक विधान के सिद्धांत को साकार किया। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद पीओके भी हमारा होगा। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने वृक्षारोपण भी किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मीता सिंह, सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, मंडल अध्यक्ष सहसपुर प्रमोद सिंह, संयोजक नीरज चौहान, महामंत्री धर्मपाल, मंजू नेगी, सुरेश उनियाल, प्रमोद रतूड़ी, दर्शन रावत, धीरज चौहान, विनोद कश्यप, ओमवीर राघव उपस्थित रहे।

### बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर का आगाज

देहरादून। मसूरी टेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से ग्रीष्म कालीन शिविर का रविवार को राधाकृष्ण मंदिर सभागार में आगाज हो गया। फिटनेस क्लब, मसूरी खेल-सांस्कृतिक समिति, आईटीबीपी अकादमी एवं बेन वोलेंस केयर क्लीनिक के सहयोग यह शिविर आयोजित किया जा रहा है।

शिविर में 65 बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। बच्चे विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। आर्ट एवं क्राफट, कराटे, कम्युनिकेशन स्किल, नृत्य, योग व प्राथमिक चिकित्सा आदि दी ट्रेनिंग दी जाएगी। मुख्य अतिथि पूर्व आईजी बीएसएफ मनोरंजन त्रिपाठी, मसूरी ट्रेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा कि इस शिविर में बच्चों को अपनी हॉबी के अनुसार अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बलिदान दिवस पर डा. मुखर्जी को याद किया

ऋषिकेश। ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्रों में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रविवार को जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें भाजपाइयों द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। भाजपा कार्यालय में जन संघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम हुआ। जिसमें सभी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने धारा 370 हटाने के पक्ष के लिए अनेक प्रयत्न किए और इसी के चलते उनका बलिदान हुआ। मगर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाने दिया और धारा 370 को हटाकर उनका सम्मान किया। कहा कि अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रिमंडल में एक गैर-कांग्रेसी मंत्री के रूप में वित्त मंत्रालय का काम संभाला। डॉ. मुखर्जी ने चितरंजन में रेल इंजन का कारखाना, विशाखापट्टनम में जहाज बनाने का कारखाना एवं बिहार में खाद का कारखाने स्थापित कराए। उनके सहयोग से ही हैदराबाद निजाम को भारत में विलीन होना पड़ा। विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि मोदी सरकार डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार कर रही है। मौके पर जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा, कार्यक्रम संयोजक संयोजक राजेंद्र तड़ियाल, निवर्तमान मेयर अनीता ममगाईं, नलिन भट्ट, संदीप गुप्ता, रामकृष्ण अग्रवाल, कपिल गुप्ता, वीरभद्र मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सुमन, संजय शास्त्री, अमित कुमार वत्स, तनु तेवतिया आदि उपस्थित रहे।

### रात्रि में गंगा घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

ऋषिकेश। लायंस क्लब ऋषिकेश डिवाइन ने स्वच्छता के संदेश के लिए नई पहल शुरू की है। क्लब प्रतिदिन रात्रि में गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर पर्यटकों और स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित और जागरूक करेगा। इस कड़ी में बीते शनिवार की रात क्लब के सदस्यों ने त्रिवेणीघाट पर साफ-सफाई की। लायंस क्लब ऋषिकेश डिवाइन ने रात्रि के समय त्रिवेणी घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। क्लब संस्थापक ललित मोहन मिश्र व अध्यक्ष विकास ग्रोवर ने कहा कि काफी दिनों से देखने में आ रहा था कि आरती के पश्चात त्रिवेणी घाट परिसर में काफी गंदगी फैली रहती है, जबकि सफाईकर्मी सुबह ही सफाई को आते है। इसी के दृष्टिगत क्लब द्वारा रात्रि में सदस्यों की सहायता से घाट परिसर में सफाई का जिम्मा लिया गया है। क्लब का प्रयास है कि रात्रि सफाई अभियान को लगातार किया जाए। जिससे बाहर से आने वाले यात्रियों और पर्यटकों में ऋषिकेश के प्रति एक अच्छा संदेश जाए। कहा कि प्रतिदिन रात्रि नौ बजे से एक घंटे तक यह अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान स्थानीय लोगों और यात्रियों से भी घाट को स्वच्छ रखने की अपील की गई। मौके पर विकास ग्रोवर, महेश किंगर, जगमीत सिंह, शिवम अग्रवाल, शिवम टुटेजा, हेमंत अरोरा, मयंक अरोरा, सावन खुराना, अनिरुद्ध गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### पॉवर लिफ्टिंग में हरविंदर ने जीता गोल्ड

ऋषिकेश। क्रीड़ा भारती द्वारा दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय मास्टर कैटेगरी पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में डोईवाला के हरविंदर सिंह ने गोल्ड मेडल जीता है। हरविंदर के गोल्ड जीते जाने पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष जताया। डोईवाला के भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी और समाजसेवी ईश्वर चंद्र अग्रवाल ने बताया कि हरविंदर सिंह उर्फ हंसी क्षेत्र का होनहार युवा है। जिसने दिल्ली में क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मास्टर कैटेगरी पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस दौरान सभी ने हरविंदर सिंह का डोईवाला पहुंचने पर स्वागत किया। मौके पर मौके पर दरपान बोहरा, सुशील वर्मा, मनप्रीत सिंह हैप्पी, राममूर्ति ताई, संतोषी बहुगुणा, गणेश रावत, आदेश पंवार, नीरज प्रजापति, सुंदर लोधी, अंकित काला, शेखर बलूनी, अवतार सिंह, बोबी शर्मा, आकाश दीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### ऋषिकेश को जल्द जिला घोषित करे सरकार

ऋषिकेश। नागरिक कल्याण संगठन ने ऋषिकेश को जिला बनाने की मांग उठाई है। इस मामले में संगठन की ओर से रविवार को शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद को ज्ञापन सौंपा गया। सदस्यों ने कहा कि नरेंद्रनगर, यमकेश्वर, डोईवाला को जोड़कर ऋषिकेश को नया जिला बनाया जाए। बैराज कैंप कार्यालय में नागरिक कल्याण संगठन ने शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। संगठन के संयोजक मदन कुमार शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों के सही ढंग से संचालन और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से छोटी प्रशासनिक ईकाइयां महत्वपूर्ण होती है। ऋषिकेश उत्तराखण्ड का प्रवेश द्वार होने के साथ ही धार्मिक स्थल है।